रविवार

24 मार्च 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





जेडीयू ने उपेंद्र की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को तोड़ा 2




## बिहार बोर्ड इंटर रिजल्टः साइंस में सीवान के मृत्युंजय, आर्ट्स में पटना के तुषार और कॉमर्स में शेखपुरा की प्रिया बनी टॉपर

# साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स तीनों में बेटियों का दबदबा

- साइंस स्ट्रीम में 87.8%, आर्ट्स स्ट्रीम में 86.15% और कॉमर्स स्ट्रीम में कुल 94.88% बच्चे हुए पास
- साल 2023 में भी टॉपर लिस्ट में बेटियों का ही था कब्जा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बिहार बोर्ड इंटर रिजल्ट शनिवार दोपहर को जारी कर दिया। इस साल परीक्षा में कुल 87.21 पर्सेंट छात्र पास हुए हैं। परीक्षा में कुल 88.84 फीसदी लड़कियां जबकि 85.69 फीसदी लड़के पास हुए। इतना ही नहीं टॉप 5 में टॉपरों की लिस्ट में 13 लड़कियों ने अपना नाम बड़ी संख्या में दर्ज कराया। वहीं आर्ट, कॉमर्स, साइंस तीनों संकायों में छात्राओं का दबदबा रहा है। साइंस में सीवान के मृत्युंजय कुमार, आर्ट्स में पटना के तुषार और कॉमर्स में शेखपुरा की प्रिया ने टॉप किया है। जीएम उच्च विद्यालय सीवान के मृत्युंजय कुमार ने साइंस में 481 अंकों के साथ 96.20% हासिल किया है। आर्ट्स में तुषार ने 482 अंकों के साथ 96.40%, कॉमर्स में प्रिया कुमारी ने 478 अंकों के साथ 95.60% हासिल किया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बोर्ड के पटना स्थित मुख्य सभागार में रिजल्ट जारी किया। पिछले साल के मुकाबले इंटर का रिजल्ट इस बार बेहतर हुआ है। विज्ञान संकाय में कुल 617334 में से 542008 स्टूडेंट्स पास (87.8 प्रतिशत) पास हुए हैं। कला संकाय में कुल 634480 में से 546621 विद्यार्थी (86.15%) और कॉमर्स में कुल 39658 में से 37629 स्टूडेंट्स (94.88%) पास हुए हैं। कुल 1291684 विद्यार्थियों में से 1126439 पास हुए हैं, जो कुल 87.21 प्रतिशत हैं। इस साल टॉप 5 की लिस्ट में साइंस स्ट्रीम में 11 स्टूडेंट्स, आर्ट्स स्ट्रीम में 5 और कॉमर्स स्ट्रीम में 8 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है।

### आर्ट्स में 88.07 % लड़कियां और 83.17 % लड़के पास




### साइंस में 89.71% लड़कियां और 86.71% लड़के पास



मृत्युंजय कुमार।

### कॉमर्स में 96.91% लड़कियां और 93.86% लड़के पास



प्रिया कुमारी।

### लड़कियों ने मारी बाजी

12वीं का रिजल्ट स्ट्रीम वाइज देखें तो आर्ट्स स्ट्रीम में 88.07 फीसदी लड़कियां और 83.17 फीसदी लड़के पास हुए हैं। वहीं साइंस स्ट्रीम में 89.71 फीसदी लड़कियां और 86.71% लड़के पास हुए हैं। कॉमर्स स्ट्रीम और लड़कियों को लेकर धारणा है कि उन्हें कम पसंद है, लेकिन 12वीं के इस रिजल्ट में लड़कियों ने कॉमर्स में भी बाजी मारी। कॉमर्स में 96.91 लड़कियां और 93.86 फीसदी लड़के पास हुए हैं। साल 2023 में भी बिहार बोर्ड 12वीं टॉपर लिस्ट में बेटियों का ही नाम रोशन हुआ था। बिहार बोर्ड 12वीं टॉप टेन लिस्ट में सर्वाधिक नाम छात्राओं के हैं। इस साल 6,22,217 छात्राओं ने बिहार बोर्ड 12वीं परीक्षा दी थी। इनमें से 5,52,783 सफल हुई हैं।

### इस साल 13 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने दी थी परीक्षा

आंकड़ों की बात करें तो बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट यानी कक्षा 12वीं परीक्षा में इस साल कुल 13,04,352 स्टूडेंट ने भाग लिया है, जिनमें से 6,26,431 लड़कियां और 6,77,921 लड़के हैं। वहीं मैट्रिक की परीक्षा 16 लाख 94 हजार 564 स्टूडेंट ने दी है।

### ओरवऑल टॉपर्स लिस्ट

- तुषार कुमार- 96.40%
- मृत्युंजय कुमार- 96.20%
- प्रिया कुमारी- 95.60%
- वरुण कुमार- 95.40%
- प्रिंस कुमार- 95.20%
- आकृति कुमारी- 95%
- राजा कुमार- 95%
- सना कुमारी- 95%
- प्रज्ञा कुमारी- 94.80%
- अनुष्का गुप्ता- 94.80%

### पिछले साल का रिजल्ट

पिछले वर्ष बिहार बोर्ड के 12वीं कक्षा में आयुषी नंदन ने 94.80 प्रतिशत के साथ साइंस स्ट्रीम में टॉप किया था। आर्ट्स स्ट्रीम में मोहादेसा (95%) ने पहला स्थान हासिल किया था और कॉमर्स में सौम्या शर्मा (95%) और रजनीश कुमार पाठक (95%) टॉपर थे।

**पहले का रिजल्ट:** साल 2023 में इंटर रिजल्ट का ओवरऑल पास प्रतिशत 83.70 फीसदी रहा था। इससे पहले साल 2018 में सिर्फ 52.95 फीसदी विद्यार्थी ही पास हुए थे। साल 2019 में 79.76 फीसदी, साल 2020 में 80.04 फीसदी, साल 2021 में 78.04 फीसदी और साल 2022 में 80.15 फीसदी स्टडेंट्स पास हुए थे।

### तीनों स्ट्रीम के टॉप-5

#### साइंस टॉपर्स

- मृत्युंजय कुमार- 481 अंक, 96.20%
- सिमरन गुप्ता- 477 अंक, 95.40%
- वरुण कुमार - 477 अंक, 95.40%
- प्रिंस कुमार - 476 अंक, 95.20%
- साना कुमारी - 475 अंक, 95%
- प्रज्ञा कुमारी - 475 अंक, 95%
- आकृति कुमारी - 475 अंक, 95%
- राजा कुमार - 475 अंक, 95%
- अनुष्का गुप्ता - 474 अंक, 94.80%
- अंकिता कु. - 474 अंक, 94.80%
- प्रिंस राज - 474 अंक, 94.80%

#### कॉमर्स टॉपर्स

- तुषार कुमार- 482 अंक, 96.40 %
- निशा सिन्हा - 473 अंक, 94.60 %
- तनु कुमारी - 472 अंक, 94.40%
- कु. निशांत - 469 अंक, 93.80 %
- अभिलाषा कु. - 468 अंक, 93.60%

#### आर्ट्स टॉपर्स

- प्रिया कुमारी - 478 अंक, 95.60 %
- सौरव कुमार - 470 अंक, 94.00 %
- गुलशन कु. - 469 अंक, 93.80 %
- कुणाल कु. - 469 अंक, 93.80 %
- सुजाता कु.- 468 अंक, 93.60 %

### तीनों स्ट्रीम की परीक्षा और रिजल्ट पर एक नजर...

**साइंस स्ट्रीम:** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के विज्ञान संकाय में कुल 6,17,334 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें कुल 3,95,069 छात्र तथा 2,22,265 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के विज्ञान संकाय में कुल 3,25,848 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 2,09,705 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 6,455 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विज्ञान संकाय में कुल 5,42,008 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है, जो इस संकाय की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों का 87.80 फीसदी है।

**कॉमर्स स्ट्रीम:** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के कॉमर्स स्ट्रीम में कुल 39,658 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें कुल 26,338 छात्र तथा 13,320 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के कॉमर्स स्ट्रीम में कुल 25,157 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 10,678 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 1,794 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार, कॉमर्स संकाय में कुल 37,629 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो इस संकाय की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों का 94.88 फीसदी है।

**आर्ट्स स्ट्रीम:** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के कला संकाय (आर्ट्स स्ट्रीम) में कुल 6,34,480 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें कुल 2,47,908 छात्र तथा 3,86,572 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के कला संकाय में कुल 1,73,823 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 2,84,454 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 88,344 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार, कला संकाय में कुल 5,46,621 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो इस संकाय की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों का 86.15 फीसदी हैं।

**आईएएस बनना चाहते हैं मृत्युंजय:** सीवान जिले के बड़हरिया प्रखंड के कोइरीगवा गांव के निवासी व राजेश प्रसाद और ममता देवी के पुत्र मृत्युंजय कुमार ने विज्ञान विषय में पूरे बिहार में विज्ञान संकाय में टॉप किया है। मृत्युंजय कुमार बड़हरिया के जीएम उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज का छात्र है। उसके पिता बड़हरिया के बीआरसी गेट के सामने जामो रोड में परचुन की दुकान चलाते हैं। मृत्यंजय का सपना आईएएस बनकर देश की सेवा करना है।

वहीं बरबीघा बाजार जिला शेखपुरा की रहने वाली प्रिया कुमारी ने बिहार बोर्ड इंटर के रिजल्ट में कॉमर्स में टॉप किया है। महात्मा गांधी आदर्श उच्च विद्यालय की छात्रा प्रिया ने 500 में से 478 मार्क्स लाकर पूरे बिहार में कॉमर्स में टॉप किया है।

### विशेष परीक्षा की व्यवस्था

जो विद्यार्थी किसी वजह से फरवरी की मुख्य वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठ पाते हैं उनके लिए विशेष परीक्षा आयोजित होती है। अभी तक बिहार बोर्ड कंपार्टमेंट और विशेष परीक्षा साथ साथ करवाता आ रहा है। इस बार बिहार बोर्ड ने कंपार्टमेंट और विशेष परीक्षा को अलग अलग कर दिया है। जो विद्यार्थी विशेष परीक्षा देंगे, उनके सर्टिफिकेट पर कंपार्टमेंटल वर्ड नहीं लिखा होगा।

**28 मार्च से कंपार्टमेंटल का फॉर्म भरा जाएगा:** बिहार बोर्ड 12वीं रिजल्ट में जो विद्यार्थी एक या दो विषयों में फेल हुए हैं वे 28 मार्च से कंपार्टमेंटल एग्जाम के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं 12वीं रिजल्ट में अपने मार्क्स से असंतुष्ट विद्यार्थी 28 मार्च से अपने मार्क्स की रीचेकिंग करा सकेंगे। स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### प्रथम स्थान लाने वाले को 1 लाख का पुरस्कार

वाणिज्य, कला एवं विज्ञान में से प्रत्येक संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 1 लाख रुपये, लैपटॉप, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 75 हजार रुपये, लैपटॉप, तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 50 हजार रुपये दिया जायेगा।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड के आदेश को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च, 2024 को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की ओर से दी गई अर्जी में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी और रिमांड दोनों आदेश अवैध हैं, उन्हें तुरंत हिरासत से रिहा कर देना चाहिए। केजरीवाल की ओर से इस अर्जी पर तुरंत सुनवाई की मांग की गई है। याचिका में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से रविवार 24 मार्च को तत्काल इस पर सुनवाई करने की मांग की गई है।

**अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने पढ़ा संदेश:** इससे पहले आज अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को पहली बार एक संदेश पढ़ा जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी जिंदगी का प्रत्येक क्षण देश की सेवा के लिए समर्पित रहा है। ईडी की हिरासत से दिए एक संदेश में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी जेल उन्हें अंदर नहीं रख सकती है और वह जल्द ही लौटेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि वह कोई भी वादा पूरा करने में असफल रहे हों। उन्होंने महिलाओं को उस योजना के क्रियान्वयन का भी आश्वासन दिया जिसके तहत योग्य लाभार्थियों को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

केजरीवाल ने कहा, अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है। मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म संघर्षों के लिए हुआ है और वह भविष्य में भी बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि भारत को दुनिया का सबसे मजबूत और महान देश बनाना है। उन्होंने कहा कि कुछ आंतरिक और बाहरी ताकतें देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं और इनसे लड़ने की जरूरत है।

## भ्रष्टाचारियों की शरणस्थली बन गई है भाजपाः शिवानंद तिवारी

**केटी न्यूज/पटना**

राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने पटना में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हार से डरे हुए हैं मोदी जी। केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते की जब्ती, यह सब कुछ डर के ही लक्षण हैं। शिवानंद तिवारी ने कहा कि ऐन चुनाव के समय केजरीवाल की गिरफ्तारी क्या साबित करती है? यह पूछताछ चुनाव के बाद भी हो सकती थी। आप के सभी बड़े नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का खाता जब्त कर लिया गया है। रोज का खर्च जुटाना कठिन हो गया है। राजद नेता ने कहा कि हार के डर की बेचैनी में बगैर सोचे अमित शाह ने मुंबई में राज ठाकरे को अपने साथ मिलाया है। वही राज ठाकरे जिन्होंने हिंदी भाषियों को मुंबई से भगाने के लिए क्या-क्या जुल्म नहीं किया है। उन्होंने सवाल दागते हुए कहा कि पता नहीं किस मुंह से मोदी जी और उनकी पार्टी भ्रष्टाचार पर बोलती है। अभी भाजपा ने भूतपूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को राज्य सभा का सदस्य बनाया है। ये वही अशोक चव्हाण हैं जिनको आदर्श घोटाला में आरोप के कारण मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ा था। आज ये भाजपा के सम्मानित नेता हैं। कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों की शरणस्थली बन गई है।






## केजरीवाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान, बोले- हम कानून से ऊपर नहीं

# लोकतंत्र किसी को डकैती डालने की छूट नहीं देता : योगी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझपर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामले में कोर्ट में है, इसे अब



कोर्ट ही तय करेगी। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत के दौरान कही।

**प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है:** उन्होंने कहा कि यूपी में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी की जनता को दिया जाना चाहिए। प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया यूपी है, जो देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। यहां सर्वाधिक निवेश को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। यूपी आज इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजनाओं को सबसे तीव्रता के साथ आगे बढ़ाने वाला प्रदेश बन चुका है।

**आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है:** मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उनकी सरकार का सात साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। तीन साल सरकार ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। हमें चार वर्ष ही अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने का मौका मिला। इसके बावजूद हमें यूपी की जीडीपी को दोगुना करने में सफलता मिली। आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। 2017 से पहले हमें अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक का पैसा नहीं होता था। कोई बड़ा बैंक हमें पैसा नहीं देता था।

मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताया। उन्होंने कहा बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। सीएम ने प्रदेश में हुए एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के पूर्व एक दूसरे के कद्दावर नेताओं को तोड़ने की होड़

# जेडीयू ने उपेंद्र की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को तोड़ा, लोस चुनाव में पत्नी को सिवान से टिकट

**केटी न्यूज/पटना**




चुनावी मौसम में पूरे देश में पाला बदल का खेल चल रहा है। लेकिन बिहार में कुछ अलग ही खेल हुआ। जेडीयू ने एनडीए के ही घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा को ही तोड़ कर अपनी पार्टी में शामिल करा लिया है। रमेश कुशवाहा अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी के साथ जेडीयू में शामिल हो गये। जेडीयू रमेश कुशवाहा की पत्नी को सिवान से लोकसभा चुनाव लड़ाने जा रही है। जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में राज्यसभा सांसद संजय झा, मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी ने रमेश कुशवाहा और उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। रमेश कुशवाहा 2015 से 2020 तक जेडीयू के ही विधायक थे। वे पिछले साल उपेंद्र कुशवाहा के साथ चले गये थे। उपेंद्र कुशवाहा ने उन्हें अपनी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। हालांकि इस मौके पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रमेश कुशवाहा के पाला बदलने पर सफाई भी दी गयी। रमेश कुशवाहा ने कहा कि वे एनडीए में ही आये हैं और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए काम करेंगे। वहीं, मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि रमेश कुशवाहा आपसी सहमति से जेडीयू में आये हैं। गठबंधन में आपसी तालमेल से लोग एक जगह से दूसरे जगह जाते हैं। रमेश कुशवाहा को एनडीए गठबंधन की मजबूती के लिए जेडीयू में शामिल कराया गया है। इसमें उपेंद्र कुशवहा को कमजोर करने वाली कोई बात नहीं है। जेडीयू सूत्रों के मुताबिक रमेश कुशवाहा की पत्नी विजयलक्ष्मी को सिवान से जेडीयू का उम्मीदवार बनाया जायेगा। लेकिन जेडीयू ने उनका टिकट काटना तय कर लिया है। कविता सिंह का टिकट काट कर दूसरी महिला उम्मीदवार खड़ा करने की नीति के तहत रमेश के बजाय उनकी पत्नी को टिकट देने का फैसला लिया गया है।

## राजद नेता विनोद यादव हुए बागी, निर्दलीय लड़ेगे चुनाव



**नवादा।** राजद ने श्रवण कुशवाहा नवादा सीट से अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इस घोषणा के बाद राजद के कद्दावर नेता विनोद यादव बागी हो गये। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सभी पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही नवादा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी। जिससे राजद खेमा में हलचल मच गया है। बता दें कि विनोद यादव, पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव के छोटे भाई हैं। उनकी भाभी विभा देवी राष्ट्रीय जनता दल से नवादा की विधायक हैं। वहीं विधान पार्षद अशोक यादव उनके भतीजे हैं। विनोद यादव बीते 6 महीने से लगातार लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार कर रहे थे। उन्हें टिकट मिलने की चर्चा भी हुई, लेकिन अंतिम समय में श्रवण कुशवाहा को पार्टी ने सिंबल दे दिया। विनोद यादव ने अपने पथरा इंग्लिश गांव के मैदान में आयोजित जनसभा में सैकड़ों कार्यकर्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर पार्टी का टिकट बेचने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के विधायक विभा देवी, रजौली के राष्ट्रीय जनता दल के विधायक प्रकाश वीर और विधान पार्षद अशोक यादव के साथ ही कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने गद्दारी कर राजद के टिकट दूसरे दल के रहने वाले श्रवण कुशवाहा के हाथों बेचने का आरोप लगाया है।

## पत्नी ने अपने प्रेमी संग मिलकर पत्रकार दीपक विश्वकर्मा को मारी थी गोली

**केटी न्यूज/नालंदा**



पत्रकार दीपक विश्वकर्मा को गोली मारने के मामले में एसआईटी की टीम ने चौकाने बाला खुलासा किया है। इस घटना के मास्टर माइंड दीपक विश्वकर्मा के नव विवाहित पत्नी रागनी कुमारी है। रागनी ने ही अपने पति दीपक विश्वकर्मा को 17 मार्च को जवरण राजगीर घूमने के लिये ले गई थी और वापस लौटने के दौरान दीपनगर टोल प्लाजा के पास अपने प्रेमी को बुलाकर गोली मरवा दी थी। सदर डीएसपी नुरुल हक ने शनिवार को दीपनगर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात का खुलासा किया। डीएसपी ने बताया कि पत्रकार दीपक विश्वकर्मा की हत्या का प्रयास किया गया था गनिमत रही कि उनकी मौत नहीं हुई। उन्होंने बताया कि पत्रकार की पत्नी रागनी कुमारी को शादी से पूर्व शशांक कुमार से चल रहा था। शादी के बाद वह अपने पति को रास्ते से हटाना चाहती थी। इसी के तहत सोची समझी रणनीति के तहत पत्रकार को निशाना बनाया गया था। इस घटना में शामिल पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रागिनी और दीपक के बीच आपसी विवाद चल रहा था। इसकी जानकारी रागिनी ने अपने प्रेमी शशांक को दी थी। इसके बाद शशांक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दीपक विश्वकर्मा पर हमला किया। रागिनी और शंशाक के बीच पिछले चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं दीपक विश्वकर्मा ने दूसरी शादी रागिनी से मई 2023 में की थी। पुलिस ने बताया कि दीपक विश्वकर्मा की पत्नी रागिनी विश्वकर्मा उर्फ निक्की, रहुई थाना क्षेत्र के रहीमपुर गांव के शशांक कुमार, सिलाव थाना क्षेत्र के नानंद गांव के साहिल कुमार और दीपक कुमार है। डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि गोलीबारी में घायल दीपक विश्वकर्मा की पत्नी रागिनी विश्वकर्मा के बयान पर दीप नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। एसपी ने निर्देश पर का गठन किया गया। वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान शुरू की। दीपक से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपनी पत्नी के अवैध संबंध की जानकारी दी।पुलिस ने रागिनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपनी संलिप्तता स्वीकार की।




## लोजपा (रा.) के प्रदेश महासचिव ने थामा भाजपा का दामन

**पटना।** प्रदेश बीजेपी कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार ठाकुर और मुखिया श्रवण ठाकुर ने अपने सैकड़ों समर्थकों के बीजेपी का दामन थामा है। लोकसभा चुनाव के पहले लोजपा प्रदेश (रा.) का बड़ा झटका लगा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सभी को सदस्यता दिलाई। इस मौके पर सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा कमिटमेंट और गारंटी वाली पार्टी है। भाजपा जो कमिटमेंट करती है, उसे गारंटी के साथ पूरा भी करती है। 75 साल पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक भारत का सपना देखा था। जब पूर्ण बहुमत की मोदी जी की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाया गया। प्रभु श्रीराम को भी भव्य मन्दिर में स्थापित किया गया।उन्होंने आगे कहा कि 2014 में 530 संकल्प लिया गया था, जिसमें से 529 संकल्पों को पूरा किया गया। 2019 में 234 संकल्प लिए गए थे, जिसमें से 223 संकल्पों को पूरा कर दिया गया। जब महिलाओं को आरक्षण दिया गया तब कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यह सपना उनके नेताओं ने देखा था। मोदी सपना पूरा करने वाले नेता हैं। जिसने भी सपने देखें, उसे वे पूरा कर रहे है। पीएम मोदी सभी परिवारों को जोड़कर देश को श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं। इसके लिए सरकार अपनी पूरी कोशिश कर रही है। साथ ही कार्यकर्ता भी इसमें पीछे नहीं हट रहा है। कार्यकर्ताओं का भरपूर साथ मिल रहा है। भले ही वह किसी भी वर्ग के हो।

## संस्कृत स्कूल में बार बाला का डांस


**पटना।** हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया जाएगा। इसी कड़ी में बगहा के संस्कृत स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां जमकर अश्लीलता परोसी गई। रामनगर थाना के सामने स्थित प्रेम जननी संस्कृत विधालय परिसर में होली मिलन सह संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में डीजे के साथ साथ बार बाला के डांस की व्यवस्था की गई थी। देर रात महफिल सजी और बारा बालाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर जमकर अश्लीलता परोसी और देर रात तक लोग बार बाला के साथ साथ झूमते रहे।









# आर्ट्स में श्रेया, साइंस में शालनी और कॉमर्स में काजल बनी जिला टॉपर

## इंटरमीडिएट रिजल्ट

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में छात्राओं ने इस बार फिर तीनों संकाय में बाजी मारी है। विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के तीनों में प्रथम स्थान पर छात्राओं ने कब्जा जमाया है। विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान सुदुर ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा ने बाजी मारी है। कला संकाय में प्रथम श्रेया कुमारी, विज्ञान संकाय में शालनी कुमारी एवं वाणिज्य संकाय में काजल कुमारी ने परचम लहराया है। तीनों संकाय में जिले के कुल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर 12 छात्र-छात्राएं जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। इनमें 10 छात्राएं हैं। कला संकाय में प्रथम तीन स्थानों पर जिले की तीन छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। वहीं वाणिज्य संकाय में कुल छह छात्राओं ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया



है। जिसमें प्रथम स्थान पर एक, द्वितीय स्थान पर दो तथा तृतीय स्थान पर तीन छात्राओं ने बाजी मारी है। इसके साथ ही विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान छात्रा तो अन्य दो स्थानों पर छात्रों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई है। रिजल्ट घोषित होने के साथ ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### आईएएस बनना है : श्रेया

एमपी उच्च विद्यालय की छात्रा तथा नगर के जेल पईन रोड स्थित पत्रकार सुमंत कुमार की पुत्री श्रेया ने कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनका लक्ष्य आईएएस बनना है। कहती हैं उनकी सफलता में माता-पिता का सबसे अधिक श्रेय रहा है। नियमित विद्यालय जाने के साथ ही स्वध्याय से पढाई पूरी की। कहती हैं लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए। सफलता प्राप्त करने के लिए खुद पर विश्वास रखना होगा।

### एमपी हाइस्कूल का दबदबा

इंटर परीक्षा में एमपी हाइस्कूल का दबदबा रहा। जिले में तीनों संकाय में कुल 12 छात्र-छात्राओं में यहां की 7 छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। जिनके प्रयास से जिले में एमपी उच्च विद्यालय का नाम सुर्खियों में आ गया है। इंटर की कला एवं वाणिज्य में प्रथम स्थान के साथ ही अन्य स्थानों पर भी अपना दबदबा बना दिया है। छात्राओं की सफलता से विद्यालय प्रबंधन भी काफी उत्साहित एवं खुश है।

### इन छात्र-छात्राओं ने जिले में प्राप्त किया प्रथम तीन स्थान

**आर्ट्स स्ट्रीम**- 1. श्रेया कुमारी एमपी उच्च विद्यालय बक्सर।
2. रूची कुमारी एमवी कॉलेज बक्सर।
3. साना प्रवीन एपी उच्च विद्यालय बक्सर।
**कॉमर्स स्ट्रीम**- 1. काजल कुमारी एमपी उच्च विद्यालय बक्सर।
2.जागृति कुमारी राज उच्च विद्यालय डुमरांव।
2. नेहा कुमारी प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरांव।
3. प्रिया कुमारी एमपी उच्च विद्यालय बक्सर।
3. अनुष्का वर्मा एमपी उच्च विद्यालय बक्सर।
3. श्रुति सिंह एमपी उच्च विद्यालय बक्सर।
**साइंस स्ट्रीम**- 1. शालनी कुमारी हाई स्कूल सिकठी।
2. अंकित सिंह एमवी कॉलेज बक्सर।
3. अमृत राज एमवी कॉलेज बक्सर।

### पाठशाला आर्ट्स क्लासेज ने दिया बेहतर रिजल्ट

पाठशाला आर्ट्स क्लासेज के बच्चों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। पाठशाला की कशिश वर्मा 88%, रघुराज दुबे 86%, विवेक सिंह 86%, आकांक्षा राज 85%, अविष्का केसरी 84%, प्रीति तिवारी 84%, वैष्णवी कुमारी 83%, आयुष सिंह 83%, सूफी रजक 82%, जागृति कुमारी 80%, रितिका मिश्रा 81%, अंशु दुबे 81%, प्रियम सिंह 81%, नाजिया प्रवीण, गुनगुन केसरी ने बेहतर रिजल्ट देकर अपनी मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन को सही साबित किया है।

## एक नजर

### एसओई कॉमर्स क्लासेज की छात्राओं ने मारी बाजी

**डुमरांव।** इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी होते ही सफल छात्र-छात्राओं की खुशी बढ़ गई है। इस बार अनुमंडल मुख्यायल की छात्राओं ने इंटर कॉमर्स में पूरे जिले में बाजी मारी है। खास यह कि इन छात्राओं को तराशने का काम डुमरांव के एसओई कॉमर्स क्लासेज ने किया था। मिली जानकारी के अनुसार इंटर कॉमर्स में जिले में सर्वाधिक नंबर लाने वाली राज प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्राएं जागृति कुमारी 441 अंक पिता मोहन तिवारी तथा नेहा कुमारी 441 अंक पिता योगेन्द्र सिंह इसकी कोचिंग में पढ़ाई कर परीक्षा की तैयारी की थी। दोनों संयुक्त रूप से जिला टॉपर बनी हैं। इसके अलावे छात्रा पलक कुमारी 413, अंबिका शर्मा 412, शिवानी 417, शिवानी गुप्ता 402, मानवी कुमारी 408, अर्चना कुमारी 411, दीपक तिवारी 403, कौशिक आलम 411, आदित्य कुमार 392, इच्छा तिवारी 390, सनी कुमार 397, हिमांशु कुमार 378, अफनान फिरदौस 364, रवि कुमार 362, राहुल कुमार 386, आरुषि प्रिया 341, सेजल कुमारी 343, नंदनी कुमारी 367, चांदनी कुमारी 349, नीतीश कुमार 349, पवन केसरी 337, अभिनव कुमार 348, रूबिक कुमारी 363, अंकित कुमार साहू 336, कौशिक आलम 411 सहित इस कोचिंग के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए है। संस्था के निदेशक डॉ अभिषेक कुमार ने इन सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया, साथ ही अन्य शिक्षक रीमा सिंह, दीपक कुमार गुप्ता, रंजन कुमार ओझा ने भी इन्हें बधाई दी है। अभिषेक ने कहा कि इंटर कॉमर्स में पिछले 12 वर्षों से इनके कोचिंग के छात्र-छात्राएं ही जिले में औव्वल आ रहे है तथा सभी छात्र अच्छे अंक से पास हो रहे है।

### इंटर परीक्षा में किसान की बेटियों ने दिखाया दम



**केसठ।** कहते है अगर मेहनत आदत बन जाए तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है। कुछ ऐसा ही ही कर दिखाया है केसठ प्रखंड की छात्राओं ने। शनिवार को इंटर परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही छात्रों में परीक्षा परिणाम जानने को ले उत्सुकता दिखी। प्रखंड की कई छात्राओं ने इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर परिवार के साथ ही गांव का नाम रौशन किया है। इंटर की परीक्षा में प्रखंड के रामपुर गांव निवासी तबसून नाज में 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार सहित गांव का नाम भी रौशन किया है। ग्रामीण इलाके के एक साधारण परिवेश में रहकर रामपुर गांव निवासी किसान मो. मुस्ताक अंसारी की बेटी ने इंटर साइंस में 429 अंक प्राप्त किया है। तबसुमं नाज के पिता पेशे से किसान है व माता नजमा बेगम गृहणी है। अब ये बेटी भविष्य में बीपीएससी से अफसर बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहती है। तबसुमं नाज के परिजनों ने बताया की वे शुरू से ही मेधावी छात्र रही है। वे राज हाई स्कूल डुमरांव से इंटर की पढ़ाई की है। वही प्रखंड के किसान नंदजी सिंह की पुत्री काजल कुमारी ने 434 अंक प्राप्त किया है। काजल ने इंटर की पढ़ाई डीके कॉलेज डुमरांव से की है। वही केसठ निवासी संतोष दिवेदी की पुत्री स्लोनी कुमारी ने इंटर में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। सलोनी प्लस टू उच्च विद्यालय कतिकनार की छात्रा है। सलोनी के पिता संतोष दिवेदी किसान है। वही माता गृहणी है। सलोनी ने बताया की आगे वह आईएएस अधिकारी बन समाज की सेवा करना चाहती है।वही संतोष आर्य की पुत्री तेजाश्विनी कुमारी ने 83 प्रतिशत अंक ला कर प्रखंड का नाम रोशन की है। वही ग्रामीण इलाको में बेटियों के बेहतर परिणाम आने से परिजनों व ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। यू कहे कि बेटियों ने एक बार फिर अपने को साबित किया है।

### नया भोजपुर में शिविर लगा किया गया मुफ्त आंख जांच, मिला चश्मा व दवा



**डुमरांव।** नया भोजपुर गांव के लोहारटोली चौक स्थित एमएस मेमोरियल हेल्थ सेंटर में शनिवार को एक शिविर का आयोजन कर आंख के मरीजों का मुफ्त जांच तथा चश्मा व दवा का वितरण किया गया। यह आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता रहे मो. हदीश के स्मृति में आयोजित हुआ था। इस शिविर में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. माधव मुकुंद तथा उनकी टीम द्वारा करीब 500 मरीजों का मुफ्त जांच कर उन्हें जरूरी चिकित्सकीय सुझाव, चश्मा तथा दवा दिया गया। कार्यक्रम अस्पताल के निदेशक डॉ. फिरोज उर्फ कल्लू के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। जिसमें गांव तथा आस पास के अलावे जिले के कोने कोने से मरीज आए थे। डॉ. फिरोज ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मो. हदीश की स्मृति में हर साल यह शिविर आयोजित होता है। उन्होंने कहा कि शिविर में आए मरीजों का बेहतर जांच व इलाज किया गया। पूरे दिन चले इस शिविर में आंख जांच कराने वाले मरीजों की भीड़ लगी रही। मौके पर शंकर साह, मो. जमील, गोपाल प्रसाद, मो. अमीन, मो. अकरम, आशा देवी, लक्ष्मी देवी, सोनामती देवी, मो. इतीयाक, अब्दूल करीम, रिंकू, हमजा कुरैशी, नंदजी यादव, कामरान, फैजान, सफुर्दीन, मो. नईम, अरमान समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### आथर के फरार पांच आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नावानगर।** कोर्ट से निर्गत आदेश पर बासुदेवा ओपी पुलिस ने शनिवार को आथर में हत्याकांड मे फरार चल रहे पांच अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। साथ ही पुलिस ने घर में मौजूद लोगो को चेतावनी दी कि यदि समय सीमा के भीतर आरोपियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया तो पुलिस उनके घरों की कुर्की करेगी। फरार आरोपियों में उक्त गांव के प्रियंका देवी, मंझरिया निवासी मिट्ठू यादव नीतीश यादव एवं उनके भाई तथा आकाश यादव बताए जाते हैं। मंझरिया के चारों आरोपी का ननिहाल आथर में रहते हैं। बता दें कि जमीनी विवाद को लेकर मृतक हीरालाल यादव एवं सुनील यादव के बीच अक्सर विवाद होती थी। बीते वर्ष 31 जुलाई की देर शाम फरार आरोपियों ने हीरालाल यादव के घर में घुसकर फायरिंग करने लगे थे। जिसमें एक गोली हीरालाल यादव सीने को छुती हुई निकल गई थी। घटना के दो दिन बाद पटना में इलाज के दौरान हीरालाल की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया था। जबकि घटना के बाद से ही पांच आरोपी फरार है। शनिवार को कोर्ट से निर्गत आदेश पर बासुदेवा ओपी पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों के दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया है।

### एसएफसी गोदाम के पास से चोरी की चावल लदी ट्रक जब्त

**बक्सर।** बाजार समिति स्थित एसएफसी गोदाम से गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने खिड़की के रास्ते सीएमआर का 90 बोरी चावल चुरा लिया। सुबह में जब गोदाम प्रबंधन संजय कुमार वहां पहुंचे तथा सीएमआर का चावल गायब पाया तो उन्होंने इसकी पड़ताल शुरू की। इसी दौरान किसी ने बताया कि गोदाम से चोरी गया चावल बाहर खड़ी लावारिश ट्रक पर लदा है। इस सूचना पर वे खुद जाकर उक्त ट्रक का मुआयना किए तथा उसमें गोदाम से चोरी गई चावल की बोरिया देख तत्काल मुफस्सिल थाने को इसकी सूचना दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि मौके का फायदा उठा चोर भागने में सफल रहे हैं।

## राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक, निर्देशों की दी जानकारी

# 1549 से अधिक मतदाता वाले बूथों पर बनेगा सहायक मतदान केन्द्र : डीएम

♦ लोक सभा चुनाव के मतदान केंद्रों का डीएम ने किया भौतिक सत्यापन

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के नेतृत्व में शनिवार को अधिकारियों की टीम ने लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने दर्जनों बूथों पर जाकर वहां मतदाताओं की संख्या, बूथ पर बिजली, पानी, रैंप, पहुंच पथ सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद सहायक मतदान केंद्र के प्रस्ताव, निर्वाचन पंम्पलेट-पोस्टर के मुद्रण या प्रकाशन के संबंध में तथा पेड न्यूज आदि पर विचार विमर्श करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष या सचिव के साथ समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि एक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1549 होगी। इससे अधिक मतदाता होने पर सहायक मतदान केन्द्र गठित किया जाना है। डीएम ने बताया कि अबतक मिली जानकारी के अनुसार 200-बक्सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत चौसा प्रखण्ड में मतदान केन्द्र संख्या 253-मध्य विद्यालय चुन्नी (उ० भाग) में कुल मतदाताओं की संख्या 1562 होने के कारण उक्त मतदान




केन्द्र के परिसर में ही सहायक मतदान केन्द्र 253(क)-मध्य विद्यालय चुन्नी (म० भाग) बनाया गया है। जिस पर उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त दिया गया। शेष विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र यथावत रहेंगे।

**प्रकाशक के नाम व पता के बिना नहीं छपेंगे पोस्टर या हैंडबिलः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 ( क ) के अधीन कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के चुनाव संबंधित पंपलेट या पोस्टर, हैंडबिल या अन्य दस्तावेज प्रकाशक व मुद्रक के नाम, पता तथा प्रकाशित की गई सामग्री की संख्या अंकित किए बिना और प्रकाशक की घोषणा, जो कि दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित की गई हो, प्राप्त किए बगैर निर्वाचन के लिए न तो प्रकाशित व मुद्रित करेंगे और न ही मुद्रण या प्रकाशन करेंगे। उक्त प्रावधानों तथा आयोग के निदेशों का किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पेड न्यूज पर रहेगी पैनी नजरः** इस बैठक में डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से पेड न्यूज तथा विज्ञापन के प्रकाशन संबंधित जानकारी भी दी और बताया कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा पेड न्यूज को इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि कोई भी खबर या विश्लेषण जो (प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक) मीडिया में नकद या अन्य किसी तरह के लाभ या लालच देकर प्रकाशित किया गया है, पेड न्यूज के श्रेणी में आएगा। आयोग ने सोशल मीडिया पर जारी राजनैतिक विज्ञापनों को भी पूर्व प्रमाणीकरण की परिधि में लाया है। डीएम ने कहा कि प्रचार कटेन्ट बिल्कुल आदर्श आचार संहिता के अनुकूल होना चाहिए। इसके अतिरिक्त आयोग ने यह भी कहा है कि अभ्यर्थी और राजनैतिक दल सोशल मीडिया पर विज्ञापन के व्यय सहित प्रचार के सभी व्यय को व्यय की विवरणी में शामिल करेंगे। बैठक में मान्यता प्राप्त प्रायः सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बनेगी छात्राएं, वोटरों को करेंगी जागरूक

**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव में महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों के अनुपात में बराबर रहे इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किया है। शनिवार को सुमित्रा महिला कॉलेज के सभागार में अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम राकेश कुमार ने कॉलेज के छात्राओं को इस मुहिम से जोड़कर नये वोटरों को जागरूक करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में पूर्व में महिला मतदान प्रतिशत 54 फीसदी था। इस बार प्रयास करें की शत प्रतिशत मतदान हो। शहर के वैसे मतदान केंद्र जहां लिंगानुपात में अंतर है वहां विशेष अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इसके लिए कॉलेज प्रशासन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करेगी और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार महिला मतदाताओं को जागरूक करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने किया जबकि संचालन प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर एक अच्छे नेता का चयन करते है। इस दौरान प्रोफेसर श्रीकांत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन कर आभार प्रकट किया। मौके पर बीडीओ संदीप पांडेय, प्रो सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो मिथिलेश सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ दिनेश सिंह, प्रो शैलेंद्र कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल, एक रेफर

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दानी कुटिया मोड़ के पास एक बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। जख्मियों को डायल 112 द्वारा इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक युवक को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। उसके परिजन उसे लेकर वाराणसी ट्रामा सेंटर गए है। जख्मियों की पहचान नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रताप सागर गांव निवासी रामेश्वर यादव के पुत्र 25 वर्षीय विक्की कुमार तथा राजकुमार यादव उर्फ नागा यादव के 23 वर्षीय पुत्र बबीषेक यादव शामिल है। इनमें



बिक्की को गंभीर चोटें आई है तथा उसे रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों अपने गांव से बाइक पर सवार हो चौसा स्थित अपने बहन के ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान दानी कुटिया मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि बाइक चला रहा बिक्की हेलमेट नहीं पहना था, जिस कारण उसे गंभीर चोटें आई है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच व उन्हें टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने में जुट गई है।

## दो युवकों की मौत के बाद नया भोजपुर गांव में पसरा मातमी सन्नाटा, मातमपुर्सी को पहुंचे डुमरांव विधायक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार की रात डुमरांव थाना क्षेत्र के एनएच 120 पर नोनिया डेरा गांव के पास बाइक दुर्घटना में नया भोजपुर के दो युवकों की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। होली के ऐन पहले हुई इस घटना से जहां पीड़ित परिवारों में कोहराम मच गया है, वही ग्रामीण भी मायूस हो गए है। शनिवार को भी मृतकों के घर चूल्हा नहीं जला, जबकि पूरे दिन घर से महिलाओं के रोने तथा सिसकने की आवाजे आती रही। जिससे आस पास का माहौल भी गमगीन हो जा रहा था। वही घटना के बाद से मातमपूर्सी करने वाले रिश्तेदारों तथा राजनेताओं की भीड़ मृतक के दरवाजे पर उमड़ी रही। डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह भी शनिवार को नया भोजपुर पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात किए तथा उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने घटना पर गहरा दुःख जताया है और कहा कि संबंधित पदाधिकारी से बात कर परिजनों को उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा। बता दें कि शुक्रवार की रात नया भोजपुर के गुड्डु कुमार, राहुल गोंड तथा गोलू गोंड अपने गांव से कोरानसराय में आयोजित यज्ञ देखने जा रहे थे। इसी दौरान नोनियाडेरा के पास निमार्णाधीन



पुलिया पर उनकी तेज रफ्तार बाइक असंतुलित हो गई थी। जिससे गुड्डु और राहुल की मौत हो गई जबकि गोलू को भी गंभीर चोटें आई है। गोलू को प्राथमिक इलाज के बाद पटना रेफर किया गया है। जहां गंभीर अवस्था में उसका इलाज चल रहा है।

इस घटना में जान गवांने वाले कमलेश गोंड के 20 वर्षीय पुत्र गुड्डु गोंड के परिवार में मातम पसरा है। सबसे बुरा हाल उसकी मां कलावती देवी का है। घटना के बाद से ही वह रह रहकर बेहोश हो जा रही है। जबकि कमलेश के मुंह से भी कोई शब्द नहीं निकल पा रहा है। जबकि उसके छोटे भाई चंदन का भी रो रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों की मानें तो गुड्डु मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहायता करता था। उसकी मौत से

## सोसल मीडिया ग्रुप व साइबर सेनानी ग्रुपों में नजर रखेंगे दोनों अनुमंडलों के एसडीओ व डीएसपी


# होली में उप्रदवी तत्वों व शराब तस्करों पर रहेगी प्रशासन की विशेष नजर

**केटी न्यूज/बक्सर**

डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार ने शनिवार को होली पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों, गश्ती दल दण्डाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से जिला निबंधन परामर्श केन्द्र (क्रब्ब) बक्सर में ब्रीफिंग किया। इस ब्रिफिंग में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि होली पर्व के साथ-साथ इस माह रमजान का महीना भी चल रहा है, जिस कारण विशेष सतर्कता बरतनी है। उन्होंने सभी थानाध्यक्ष, ओपी



अध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक, अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सूचना एकत्रित करने एवं स्वयं भी भ्रमणशील होकर स्थिति का पूर्ण जायजा लेने को कहा। वही बक्सर मॉडल थाना तथा डुमरांव थाना पर एक-एक अग्निशामन वाहन तैयार रखने का निर्देश जिला अग्निशामन पदाधिकारी को दिया गया। वही बक्सर तथा डुमरांव के अनुमंडल के एसडीओ तथा डीएसपी के निदेशों पर ध्यान देने का निर्देश सभी मातहतों को दिया गया। होलिका दहन को देखते हुए बिजली कंपनी के अधिकारियों को जर्जर तारों की मरम्मत कराने को कहा गया। डीएम ने कहा कि होली के दौरान अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बक्सर तथा डुमराँव सोशल मीडिया पर साईबर सेनानी व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से लगातार नजर बनाये रखेंगे ताकी उप्रदवी तत्वा तथा नशेड़ियों पर समय रहते लगाम लगाया जा सके। डीएम ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सदर अस्पताल बक्सर, अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव तथा सभी प्रखंडो में स्थित सीएचसी व पीएचसी सेंटरों पर एंबुलेंस व आवश्यक दवाईयों के साथ डॉक्टरों तथा चिकित्सा कर्मियों को मौजूद रहने का निर्देश दिया। वही जिले के सभी नगर परिषद, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को होली के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा गया। होली पर्व पर किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्वीक रिस्पॉस टीम गठित किया गया है। जबकि विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बक्सर समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा शाखा में कार्यरत होगा। जिसका दूरभाष संख्या 06183-223333 है। होली पर्व के दृष्टिगत शराब सेवन एवं बिक्री पर रोकथाम, शराब को जब्त करने धावा दल का गठन किया गया है।



# पिता व भाई के साथ मिलकर पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला, ससुर गिरफ्तार

- शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव की शुक्रवार रात की है घटना
- भाई बोला: पहले जबरन पिलाई शराब, फिर लाठी-डंडे से पीटा
- हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं, छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में शुक्रवार की रात एक शख्स ने पिता, भाई और चाचा के साथ मिल अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसने परिजनों के साथ मिलकर पहले पत्नी को जबरन शराब पिलाई। उसके बाद लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। चाकू मारने का भी आरोप लगाया गया है। मृतका बिलौटी गांव निवासी राजन डोम की 35 वर्षीय पत्नी सरली देवी थी। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने हत्या के आरोपित महिला के ससुर रंगीला डोम को गिरफ्तार कर लिया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। महिला के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि तीन दिन पूर्व होली को लेकर ही उसकी बहन ससुराल



गई थी। शुक्रवार की रात उसके पति राजन ने अपने पिता, भाई और चाचा के साथ मिल पहले उसे जबरन शराब पिलाई। इसके बाद उसकी लाठी-डंडों से पिटाई की। उसके बाद उसे चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। धर्मेन्द्र ने अपनी बहन का उसके पति और ससुराल के लोगों से किसी विवाद से इनकार किया है। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के पति द्वारा परिजनों के साथ मिलकर उसकी हत्या की गयी है। आरोपित ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति राजन डोम सहित अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि महिला अपने चार बहन और एक भाई में चौथे स्थान पर थी। उसको तीन पुत्री सोनी, राधा, नेहा और दो पुत्र सोनू व राजा है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### आचार संहिता मामले में बरी हुए कांग्रेस व राजद विधायक



**औरंगाबाद।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में विशेष कोर्ट ने सदर विधायक आनंद शंकर सिंह एवं नवीनगर विधायक विजय कुमार उर्फ डब्लू सिंह को बरी कर दिया। विशेष न्यायालय एमएलए - एमपी कोर्ट की अदालत ने बरी कर दिया। विदित हो कि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में दोनों विधायक आचार संहिता उल्लंघन मामले में नामजद आरोपी बनाएं गए थे, लेकिन साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कीए गए। मामले में नवीनगर विधायक के प्रस्तावक राजद जिला उपाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार एवं सदर विधायक के प्रस्ताव मो. मकबूल आलम को भी बरी कर दिया गया। डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि न्यायालय पर पूर्ण भरोसा था की हम सभी को न्याय मिलेगा। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में एक जगह समर्थक उपस्थित हुऐ थे जिसमें कॉविड-19 के नियमों का हवाला एवं आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर नगर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में आदर्श आचार संहिता के नियमों का शत-प्रतिशत पालन करेंगे।

### पुलिस पर हमला मामले में चार आरोपित गए जेल

**औरंगाबाद।** कब्रिस्तान से रास्ते की विवाद को लेकर दो समुदाय में मारपीट एवं पुलिस पर हमला मामले में कासमा पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नराइच गांव निवासी मो. आशीफ, मो. आदिल, मो. इरफान एवं चंदन शर्मा के रूप में की गई है। अपको बता दें कि बीते दिनों थाना क्षेत्र के नराइच गांव में कब्रिस्तान से रास्ते की विवाद को लेकर दो समुदायों में हिंसक झड़प हुई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन उपद्रवियों ने पुलिस पर हमला कर दिया था जिसमें घटना के 16 आरोपियों को बीते 20 मार्च को जेल भेजा जा चुका हैं। वही घटना में शामिल ज्ञात व अज्ञात अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज ये सभी पकड़े गए। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि संदर्भ में पकड़े गए चार आरोपियों को जेल भेज दिया गया। जबकि घटना के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम, रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान आलम, एसआई ललन प्रसाद यादव एवं जिला आसूचना इकाई की टीम शामिल थी।

### देसी शराब की बड़ी खेप के साथ तीन धंधेबाज धराएं

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप देसी शराब की खेप बरामद किया गया है। यह कार्रवाई जिले के तीन अलग-अलग थाना की पुलिस द्वारा की गई जिसमें टंडवा थाना की पुलिस द्वारा 32 लीटर देसी शराब के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया युवक नबीनगर थाना के कुशा गांव निवासी प्रदीप कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि शराब के साथ एक बाइक सवार को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। कुटुंबा थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप एक सवार युवक को 67.680 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के पिपरा बगाही गांव निवासी रितेश कुमार के रूप में की गई है। इसके अलावा खुदवां थाना की पुलिस द्वारा खुदवां गांव में छापेमारी की गई जिसके फलस्वरूप उस गांव निवासी अजय साव के घर से महुआ शराब बरामद किया गया है जिसकी कुल मात्रा - 60 लीटर हैं।

## खबरें फटाफट

### किसान की बेटी 12वीं परीक्षा में टॉप 10 में शामिल

**औरंगाबाद।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में गोह की छात्रा ने टॉप टेन में अपना स्थान बनाते हुए बिहार राज्य में परचम लहराया है। प्रज्ञा कुमारी ने 475 अंक लाकर अपने राज्य का नाम रोशन किया।वही गोह की ही पैक्स अध्यक्ष की पुत्री तृप्ति राज जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। गोह प्रखंड के बाजार बर्मा निवासी किसान सुनील कुमार यादव की पुत्री प्रज्ञा कुमारी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 475 अंक लाकर बिहार में अपना जगह बनाया। उनकी माता संगीता कुमारी ग्रहणी है। प्रज्ञा कुमारी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ केवीएम क्लासेस के राहुल शर्मा कुंदन सर को दी है। गौरतलब हो की प्रज्ञा कुमारी 2022 की मैट्रिक की परीक्षा में बिहार में तीसरा स्थान प्राप्त की थी।

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस तैयार: एसपी

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा के दृष्टिकोण से समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के साथ अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार एवं थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि जिले में चुनाव का मतदान प्रथम चरण में होना है जिसके मद्देनजर नक्सल प्रभावित बूथों के बारे में पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए शांतिपूर्ण मतदान को संपन्न कराने के लिए रणनीति के तहत कार्य करने का निर्देश दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार ने बताया कि चुनाव को देखते हुए नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों के साथ मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी की तैनाती से संबंधित मामलों को लेकर निरीक्षण किया गया। चुनाव शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है।

## अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी के आंधी सिंह के टोला की घटना

# संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- मायके वालों का आरोप: दहेज के लिए ससुराल वालों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर कर दी हत्या
- शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस





मृतक

**केटी न्यूज/आरा**

अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी गांव के आंधी सिंह के टोला में शुक्रवार की रात संदिग्ध स्थिति में जहरीला पदार्थ खाने से एक विवाहिता की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका खननी गांव के आंधी सिंह के टोला निवासी रामू कुमार की 24 वर्षीय पत्नी माया देवी थी। उसके मायके वालों की ओर से दहेज के लिए जहर खिला कर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन कर रही है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खरौनी गांव निवासी सिंटू कुमार ने बताया कि उसकी चचेरी बहन माया की शादी मई 2022 में अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के आंधी सिंह के टोला निवासी कमलेश यादव के पुत्र रामू कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद से ही उसके पति सहित अन्य ससुराल वालों द्वारा अक्सर दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। उससे तंग आकर दो माह पूर्व वह अपने मायके आ गई थी। हालांकि 15 दिन पूर्व उसका पति उसे ससुराल ले गया था। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे उसके पति द्वारा फोन कर कहा गया कि माया देवी को उल्टी, दस्त और सीने में दर्द है। तब उसने कहा कि ठीक है, उसका इलाज करवाइये। वह कल उसे देखने आएंगे। कुछ देर बाद उसके पति द्वारा फिर कॉल की गयी और कहा गया माया की मौत हो गई है। सूचना पर वह उसके ससुराल पहुंचे, तो देखा कि वह बेहोशी अधमरा की हालत में पड़ी है। उसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। चचेरे भाई सिंटू कुमार की ओर से बहन के पति रामू कुमार, सास और ससुर सहित ससुराल अन्य सदस्य पर दहेज के लिए मारपीट और जहरीला पदार्थ खिलाकर उसे करने का आरोप लगाया है। इधर, माया देवी के पति रामू कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात उसे दस्त और उल्टी होने लगी। उसके बाद उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान ही उसने अपने चचेरे साल सिंटू कुमार को फोन कर इसकी जानकारी दी। कुछ देर बाद माया का दस्त और उल्टी बंद हो गया। लेकिन, उसके सीने का दर्द नहीं जा रहा था। उसके बाद उसने दोबारा फोन कर चचेरे साले को इसकी जानकारी उन्हें दी। तब कहा गया कि एक इंजेक्शन दिलाओ और 10 मिनट देखो। उसके बाद उसने उसे इंजेक्शन भी दिलवाया। उसके बाद भी माया के सीने का दर्द ठीक नहीं हो रहा है। तब उसे इलाज के लिए आरा लेकर जा रहा था। तभी उसकी मौत हो गई। रामू कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोप को बेबुनियाद और गलत बताया। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि माया अपने पांच बहनों में तीसरे स्थान पर थी। उसे 10 महीने की बेटी खुशबू भी है।

### छिनतई के दो आरोपी गिरफतार भेजा जेल

**औरंगाबाद।** चाकू का भय दिखाकर छिनतई के दो आरोपित को बारुण थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के भुइया टोली केशव मार्केट निवासी बब्लू राम एवं विजय चौधरी के रूप में की गई है। इनके पास से लूटपाट का बैग एवं मोबइल फोन बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव निवासी विराज सिंह पटना से वापस अपने घर लौट रहे थे, इसी क्रम देर रात किसी ट्रेन से सोन नगर जंक्शन पर उतरे और पास के रेल्वे ब्रिज को पार कर रहे थे, तभी दो अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति आए और चाकू का भय दिखाकर उनका बैग और मोबइल फोन छिन कर फरार हो गए। इस दौरान उन्होंने जब शोर मचाया तो आस-पास के लोग दौड़े और एक आरोपित पकड़ लिया। जबकि दूसरा व्यक्ति उस वक्त फरार हो गया। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ में उसने खुद को विजय चौधरी बताया। वहीं फरार आरोपित बब्लू राम को घटना के तीन घंटे बाद पुलिस ने धर दबोचा गया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि संदर्भ में पकड़े गए दोनों आरोपियों से आवश्यक पूछ-ताछ के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# कुख्यात धनजी यादव जिला बदर, रोहतास के थाने में लगानी होगी हाजिरी

- चुनाव को देखते हुए भोजपुर के जिला दंडाधिकारी की ओर से सीसीए के तहत की गयी कार्रवाई
- धनजी यादव को चार जून तक सदर थाना रोहतास में सुबह-शाम लगानी होगी हाजिरी

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के कुख्यात धनजी यादव को जिला बदर कर दिया गया है। उसे अब रोहतास के सदर थाने में हाजिरी लगानी होगी। जिला मजिस्ट्रेट की ओर से सीसीए के तहत यह कार्रवाई की गई है। धनजी यादव आरा नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला निवासी लाल बहादुर यादव का पुत्र है। दंडाधिकारी के अनुसार वह एक कुख्यात अपराध कर्मी है। उसके खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट सहित डेढ़ दर्जन केस दर्ज है। अधिकतर कांडों में उसके खिलाफ चार्टशीट भी दाखिल की जा चुकी है। दंडाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि लोक सभा चुनाव को लेकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि धनजी यादव द्वारा अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। उसे देखते हुए नगर थानाध्यक्ष और सदर एसडीपीओ की ओर से धनजी यादव के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा गया था। उस पर दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद धनजी यादव को चार जून तक रोहतास जिले के लिए जिला बदर किया गया है। उस अवधि में धनजी यादव को रोहतास के सदर थाने में सुबह और शाम हाजिर लगानी होगी। यह सबकुछ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है।



# दुष्कर्म के फरार आरोपित के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में फरार एक अभियुक्त के घर महिला थाना की पुलिस द्वारा इश्तिहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई कासमा थाना क्षेत्र के अरथूआ गांव निवासी प्रदीप साव के घर पर की गई। इसके विरुद्ध थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामला बीते 20 फरवरी की हैं। दर्ज. प्राथमिकी के आधार पर महिला थाना की पुलिस द्वारा आरोपित की तलाश की जा रही थी, लेकिन मामले में लंबे समय से फरार रहने के कारण कोर्ट से निर्गत इश्तिहार को आरोपित के घर पर चिपकाया गया है। थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि पॉक्सों के कांड में फरार एक आरोपित के घर पर आज कोर्ट के निर्देश पर इश्तिहार चिपकाया गया है। इसके बावजूद आरोपित एक माह के अंदर खुद को आत्म समर्पण नहीं करता है तो, उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएंगी।



# गोह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



- आज बिरज में होली रे रशिया पर झूम उठे दर्शक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह स्थित तुलसी बिगहा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन नॉवलेश यादव की अगुआई में शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक अजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। वाराणसी से आये राधा कृष्ण झांकी टीम ने एक से बढ़कर एक झांकी व गीत की प्रस्तुति दी। आयोजक टीम ने सभी से गीले शिकवे भूलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया व आपस में प्यार बांटे। प्रेम के इस महान पर्व होली में सदस्यों ने जमकर गुलाल व रंग लगाकर होली की खुशी बांटे। शुभारंभ के दौरान संरक्षक अजय यादव ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है। इस त्योहार को हमसभी को शांति और शौहार्द्र के साथ मनाना चाहिए। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने का संदेश दिया।वही अगुआई कर रहे नॉवलेश यादव कहा कि होली आपसी प्रेम को अभिव्यक्त करने और वैमनस्यता को भुलाते हुए सामाजिक सौहार्द स्थापित करने का पर्व है। इसमें सभी बात भुलाकर एक दूसरे का आत्मसात किया जाता है।






## खबरें फटाफट

### सोशल मीडिया पर 24 घंटे रहेगी नजर

**गाजीपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल निष्पक्ष निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उदेश्य से मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता एवं डिप्टी कलेक्ट्रर सालिक राम, अपर जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार एवं एमसीएमसी कमेटी में नामित पत्रकार विनय कुमार सिंह की उपस्थित में मीडिया कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। मीडिया कार्यशाला के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार ही प्रचार-प्रसार कार्य करेगे। उन्होने कहा कि किसी भी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो का प्रचार-प्रसार एम.सी.एम.सी कमेटी के सत्यापन सुनिश्चित करने के पश्चात ही प्रकाशित किया जाय। आदर्श आचार संहिता के बाद पेड न्यूज या विज्ञापनों का एम.सी.एम.सी कमेटी द्वारा लागातार निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त फेसबुक, वाट्सप, इस्ट्राग्राम, ट्यूटर, आदि सोसल मीडिया पर मीडिया सेल के माध्यम से 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

### डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, खुदवाई सड़कें

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल निष्पक्ष निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उदेश्य से जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद के विभिन्न निर्मित सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की खुदाई करवाकर गुणवत्ता व फीता से नापकर सड़कों की लंबाई व चौड़ाई की स्थिति की जानकारी ली। मौके पर अधीशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग उपस्थित थे। डीएम ने जनपद तहसील सैदपुर अन्तर्गत वीरसिंह चौराहा से दक्षिण तरफ ईनामीपुर गांव होते हुए दो किमी तक। हंसराजपुर जयरामपुर पीडब्ल्यू डी मार्ग से खतीरपुर पिच रोड तक वाया जंगीपुर रजवाहा नहर की पटरी सम्पर्क मार्ग कुल 05 किमी। अलावलपुर बडेसर से सागर पर यादव बस्ती होकर राम दरश यादव के डेरा तक सम्पर्क मार्ग कुल 1.10 किमी मार्ग।

# सांसद अफजाल अंसारी बोले ...देश में भाजपा की तानाशाही चरम पर

- भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी से हो चुकी है बेनकाब
- विपक्ष के साथ लगातार हो रहे अन्याय, अत्याचार और जुल्म के चलते देश जनक्रांति के रास्ते पर



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सांसद अफजाल अंसारी ने संगठन के कार्यकताओं के साथ बूथ इकाई की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को बेदखल करने में बूथ और सेक्टर प्रभारीगण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। बूथ इकाई को चुस्त दुरुस्त रखने की जरूरत है। अपने बूथ की रक्षा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही चरम सीमा पर है। उनके जुल्मों सितम से देश कराह रहा है। देश की जनता उनके जुल्म,अन्याय और अत्याचार का हिसाब किताब करने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठी है।उन्होंने कहा कि भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी से बेनकाब हो चुकी है। चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलायी भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। उन्होंने केजरीवाल और हेमन्त सोरेन की अलोकतांत्रिक ढंग से की गयी गिरफ्तारी की चर्चा करते हुए कहा भाजपा पूरी तरह से अनैतिक हो चुकी है। विपक्ष के साथ लगातार हो रहे अन्याय, अत्याचार और जुल्म के चलते देश जनक्रांति के रास्ते पर है। सत्ता के दम पर उछल कूद कर रही भाजपा मुल्क के लिए खतरा बन चुकी है। हर कीमत पर इससे निजात पाने की आवश्यकता है। समाजवादी पार्टी के सदर विधान सभा के सेक्टर प्रभारी,सह सेक्टर प्रभारी,जोनल इंचार्ज, सेक्टर पर्यवेक्षक और संगठन के महत्वपूर्ण नेताओं की बैठक सदर विधान सभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि सेक्टर एवं बूथ इकाई संगठन की महत्वपूर्ण इकाई हैं। इन्हीं के भरोसे पार्टी अपनी रीतियों नीतियों और नेता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि हमें मतदान के साथ-साथ सावधान रहने की भी जरूरत है। इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक जय किशन साहू, राजेश कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, सिकंदर कन्नौजिया, सूरज राम बागी, रामबचन यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ समीर सिंह,परशुराम बिन्द, आत्मा यादव, भरत यादव, मुन्नन यादव, दिनेश यादव, अमित ठाकुर, वृजदेव खरवार, रीता विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने किया साकारात्मक प्रयास

# जेल में महिला बंदियों व बच्चों को होली का उपहार दे चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

- बोल डॉ. एके राय ..बाल मन में इस त्यौहार को लेकर बड़ा उमंग और जोश जुनून रहता है



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

अपराध से घृणा करें, अपराधी से नहीं की मूल भावना को साकार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ सदैव से तत्पर रही है। समिति के चेयरमैन डा. उमेश शर्मा के निदेर्शानुसार, प्रांतीय विशेष सचिव मयंक कुमार सिंह एवं जोन सचिव व केंद्रीय कार्यकरिणी सदस्य डॉ. एके राय के मार्गदर्शन में समिति ने हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी जिला जेल में निरुद्ध महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों की होली को उपहार प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। होली का त्योहार रंगों का त्योहार है, बाल मन में इस त्यौहार को लेकर बड़ा उमंग और जोश जुनून रहता है,लेकिन किसी कारणवश समाज के अंग के ये लोग, जेल में निरुद्ध हैं। समिति सदैव हर सुख दुख में प्रदेश के कारागारों में, सहयोग व सहभागिता की भावना से कार्य करती है। जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश ने उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति कैदियों के सुख-दुख में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहती है। करोना काल में भी इनका सहयोग कैदियों एवं बंदी रक्षकों के प्रति अत्यन्त सराहनीय रहा है। कारागार में बंद महिला कैदियों और उनके बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनके त्यौहार को खुशनुमा बनाने के लिए उनका आज का प्रयास सराहनीय है। उन्हें इस बात एहसास नहीं हो रहा है कि वह अपने परिवार से दूर है। होली से पूर्व इस अवसर पर उन्होंने सभी कैदियों सहित उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर जेलर आर.के. वर्मा, डिप्टी जेलर रविंद्र यादव के अतिरिक्त समिति के चन्दन प्रजापति, शिवांश त्रिपाठी, मयंक यादव आदि उपस्थित रहे।

## जखनियां के सरकारी दफ्तरों में होली पर्व मनाई गई अलग अन्दाज में

**गाजीपुर।** जखनियां ब्लॉक, तहसील और सरकारी अस्पताल में होली 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं एक दूसरे को अलग अंदाज में दी गई। इन दिनों देखा जाए तो हिंदू धर्म के सबसे बड़े पर्व होली को पूर्वजों की परम्पराओं से हट कर देखा जा रहा है। पहले जिस तरह से लोग गोमूत्र, गोबर और कीचड़ से होली खेलते थे इन दोनों केमिकल युक्त रंग, गुलाल सहित तमाम रंगों और होली के अलग-अलग डिजिटल तरीकों की वजह से लोग डरते हैं। पहले होली पर्व मकर संक्रांति से ही मनाए जाने लगती थी, लेकिन अब या तो होली के दिन या फिर होली के एक दिन पहले मनाई जाती है। इसकी खास वजह लोगों के दिल में छुपे प्रेम की बजाय नफरत को खत्म करना होता है। पहले होली पर्व लोग एक दूसरे के बीच हुए विवादों को खत्म करने के लिए मानते थे, लेकिन अब होली पर्व पर एक वर्ष के बीच हुए विवादों को निपटने के लिए मनाते हैं। जिसकी वजह से लोग होली पर्व पर भी कुछ खास लोगों के अलावा अपने घर में ही रहना उचित समझते हैं।

## बलिया के धमार्चार्य पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय, दिया पत्रक



**बलिया।** जिलाधिकारी द्वारा 25 मार्च को होली मनाने के निर्णय को लेकर जिले के धर्माचार्य बगावती तेवर में दिखे। धर्माचार्य डीएम कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया और डीएम के प्रतिनिधि को पत्रक सौंपा। धमार्चार्यों ने 26 मार्च को होली मनाने की बात धार्मिक आधार पर किया। डीएम ने समाचार जारी किया था कि शहर के प्रमुख मंदिरों के पंडितों संग बैठक में निर्णय हुआ कि 25 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। समाचार प्रकाशित होते ही जिले के धर्माचार्य इसका विरोध करना शुरू कर दिए। सैकड़ों की संख्या में धमार्चार्य बालेश्वर मंदिर में एकत्र हुए और वहां से मार्च निकाल कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम के प्रतिनिधि को पत्रक देकर धर्म के निर्णय पर प्रशासनिक हस्तक्षेप का विरोध जताया। धमार्चार्य सागर पंडित ने अपना तर्क भी रखा। कहा काशी से प्रकाशित दर्जन भर पांचांग में स्पष्ट वर्णित है कि 26 को होली का त्योहार मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने 25 मार्च का निर्णय क्यों किया यह समझ से परे है। कहा मुख्यमंत्री ने स्वयं गोरखपुर में 26 मार्च को होली मनाने का भी निर्णय किया है। यदि गोरखपुर में होली 26 को तो बलिया में 25 को क्यों मनाई जा रही है।

## एक नजर

### 54 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब (ब्लू लाइम) 54 लीटर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। रेवतीपुर पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बिरऊपुर मोड़ के पास बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर नीरज चौहान पुत्र स्व.अभय नरायण चौहान व उसके पीछे बैठे शैलेश चौहान पुत्र सुरज चौहान निवासीगण ग्राम सरेंजा थाना राजपुर जिला बक्सर बिहार के पास से समय छह पेटी, 270 पाऊच, प्रत्येक 200 अवैध देशी शराब ब्लू लाइम कुल 54 लीटर के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना पर आबकारी अधिनियम धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे थाना रेवतीपुर, हेड कांस्टेबल महेश प्रसाद, कांस्टेबल विनोद कुशवाहा और का. अभिषेक यादव शामिल रहे।

### ट्रेन से कट कर युवक युवती की मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के समीप बीती रात ट्रेन से कटकर 30 वर्षीय अज्ञात युवक युवती की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुटी है। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह के चर्चा व्याप्त है। अलीनगर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के समीप गया रेलवे लाइन पर रात करीब 2 बजे में गस्त के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने युवक युवती को ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना अलीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया। लेकिन पहचान नहीं होने पर दोनों शव को पहचान के लिए मर्चरी हाउस जिला चिकित्सालय में रखवा दिया। लेकिन, इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इस संबंध में पूछे जाने पर ताराजीवनपुर चौकी प्रभारी वरुणेंद्र राय ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### होली के पहले बलिया पुलिस ने लौटाई मुस्कान



**बलिया।** खोई हुई और कीमती चीज जब वापस मिल जाती है तो दिल बाग–बाग हो जाता है। होली का माहौल है और उसके पहले ही बलिया पुलिस ने ऐसा कारनामा किया कि एक नहीं दो नहीं पूरे 82 लोगों को उनका खोया हुआ बेशकीमती मोबाइल वापस मिल गया। सिविल लाइन स्थित सभागार में खुशी के माहौल के बीच एंड्रॉयड मोबाइल पाकर लोगों ने बलिया पुलिस को दिल से सैल्यूट किया, होली की बधाई दी। शुभाकामनाएं दी कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की सराहनीय कार्रवाई होती रहें। पुलिस अधीक्षक देवरंजन वर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षकों ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेसवार्ता कर एक–एक कर लोगों को उनका खोया हुआ एंड्राइड मोबाइल लौटाए। इस दौरान कुल 82 खोए हुए मोबाइल उनके असली हकदारों को लौटाए गए। कीमत लगभग 16 लाख रूपए। अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान थी। बहेरी निवासी एक युवक ने बताया कि मैं बलिया पुलिस का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि बलिया पुलिस ने न सिर्फ होली के पहले किसी के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि एक मुस्लिम का मानो रोजा भी रब ने कबूल कर लिया। इस दौरान सिविल लाइन स्थित कार्यालय में माहौल होली–होली रहा। निरीक्षक विश्वनाथ यादव प्रभारी सर्विलांस सेल, अजय यादव प्रभारी स्वाट टीम, मुख्य आरक्षी राकेश यादव सर्विलांस सेलमुख्य आरक्षी रोहित कुमार तमाम पुलिसकर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस दौरान अपिर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झां व एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी दक्षिणी मौजूद रहे।

## शहीद ए आजम की शहादत दिवस पर हुआ चिंतन कार्यक्रम

**केटी न्यूज/चंदौली**



शहीद ए आजम भगत सिंह की शहादत प्रख्यात समाजवादी नेता व चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती शनिवार को विभिन्न संगठनों की ओर से मनाई गई। जहां पर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही नगर में जनवाणी पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन काशी विद्यापीठ के पूर्व प्रोफेसर सुरेंद्र प्रताप ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगत सिंह की शहादत दिवस और राम मनोहर लोहिया की जयंती पर प्रभु नारायण सिंह स्मृति न्यास की ओर से जनवाणी पुस्तकालय की स्थापना साहसिक और सराहनीय कार्य है। पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह ने कहा कि आजादी के पहले और आजादी के बाद भी चंदौली राजनीतिक, सामाजिक संघर्षों की प्रयोगशाला रही है। इस दौरान विजय नारायण सिंह, सुरेंद्र पटेल, शिव कुमार सिंह, सुरेश सिंह,सुनील यादव गुड्डु,महेंद्र यादव, उदित नारायण चौबे, हरिदास यादव, श्रीराम यादव, इंजीनियर रामकेश सिंह यादव, सियाराम चौहान, हरदेव कुशवाहा, हीरालाल यादव अवधेश सिंह, रतन यादव उपस्थित है। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन नरसिंहपुर में समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष निरंजन कन्नौजिया के नेतृत्व में डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती और भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को अपने महापुरुषों के विचारों को आज आत्मसात करने की जरूरत है।

## सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने जमकर किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व सीएम अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकताओं ने सरजू पांडेय पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के नीतियों के विरोध में खूब नारे लगाए गए।इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक राय व पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि केंद्र की यह सरकार संविधान विरोधी सरकार है। भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र नाथ एडवोकेट व जिला सचिव शिव शंकर यादव ने कहा कि सरकार ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। जनता इसका जवाब 2024 के चुनाव में देगी। आप नेता दिनेश मौर्य व जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र शर्मा ने कहा है कि केंद्र की सरकार ने आज तक जनता से किया हुआ वादा पूरा नहीं किया सरकार पूरी तरह फेल हो गई है किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नागेंद्र यादव व राजू यादव ने कहा कि पूंजीपतियों की केंद्र सरकार है। पूंजीपतियों का कर्ज माफ होता है लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं होता। जबकि किसान ही देश की जान है। देश का प्रत्येक नागरिक हक मांगने के लिए सड़क पर खड़ा है, पर उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। इस दौरान सुभाष चंद्र मौर्य, दिनेश मौर्य, विवेक जायसवाल,भरत यादव, धर्मेन्द्र, नागेंद्र यादव ,राकेश कुमार, अजय वर्मा, गोपाल वर्मा, मनोज यादव टीका, शिव शंकर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

# आधुनिक तकनीक की मदद से विद्यार्थियों की सोच में लाएं बदलाव : तिवारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षाफल परिणाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर शिक्षा और संस्कार के संरक्षक सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निर्देश डॉक्टर सानंद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज धोतरी के निर्देशक प्रमोद सिंह, आरएस कन्वेंट स्कूल बाराचवर के प्रबंधक यशवंत सिंह, डॉक्टर राममनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विजेंद्र सिंह, बेबाक भारत के मीडिया प्रभारी विकास राय तथा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने सत्र 2023 24 का परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट संक्षिप्त में अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया उन्होंने बताया की विद्यालय का पूर्ण रूप से 96.28 प्रतिशत परिणाम रहा साथ ही उन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से परिणाम को परिणाम का विश्लेषण करने का तरीका बताया और उसे विश्लेषण से अगले सत्र का लक्ष्य रखने का एवं विद्यार्थियों का एकेडमिक करियर में दिनों दिन कैसे सुधार हो सकता है उसका तरीका भी बताएं। उन्होंने बताया कि अभिभावकों की संतुष्टि ही उनके विद्यालय का लक्ष्य है। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने सभी विशिष्ट अतिथि गणों का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया तथा उन्होंने अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि जो अपने बेटे बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए जो सपना देखा है वह सपना सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में अवश्य पूरा होगा उन्होंने कहा कि अगर सूरज बनना चाहते हो तो जलना तो पड़ेगा ही, फूलों का ख्वाब रखते हो तो कांटों पर चलना पड़ेगा ही। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी प्रबुद्ध शिक्षक गण को धन्यवाद देते हुए उससे और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया ।तत्पश्चात अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया।



# सामूहिक प्रयास से हासिल होगा 70 से 80 फीसदी मतदान का लक्ष्य : सीडीओ

**केटी न्यूज/मऊ**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र मऊ के तत्वावधान में तत्वबोध इंटर कालेज में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अन्तर्गत जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मऊ प्रशांत नागर ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महत्वपूर्ण स्थान है। अभी तक के मतदान आकड़ो पर नजर डालें तो मऊ में 59 फीसदी मतदान होता है और 41 फीसदी लोग मतदान में प्रतिभाग नहीं लेते हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम का उद्देश्य 70 से 80 फीसदी मतदान सुनिश्चित कराना है। आजादी से समानता पूर्वक मतदान का अधिकार हमें प्राप्त नहीं था। मतदान के अधिकार को पाने के लिए देश को बहुत कुर्बानियां देनी पड़ी। हमारा कर्तव्य है कि हम युवा स्वयं मतदान करें साथ ही साथ पड़ोसियो को मतदान करने के लिये प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियो के साथ-साथ विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके कैरियर निर्माण हेतु तमाम टिप्स दिया तथा कहा कि प्रतियोगियो को केवल एक लक्ष्य पर आश्रित न रहकर बहुआयामी बनना चाहिये। समारोह के अध्यक्ष सल्यक चिकित्सालय के सर्जन डॉ० एस०सी० तिवारी ने युवा शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा निर्भिक होकर अपने मर्जी से मनपसन्द प्रत्यासी को मतदान करें। राष्ट्रीय पर्व मतदान का सर्वश्रेष्ठ स्थान हैं। अच्छी सरकार के गठन हेतु जाति, धर्म, भाषा, लिंग भेद से ऊपर उठकर मतदान करें। शिक्षाविद अमरनाथ मिश्रा ने प्रतिकुल परिस्थितियों में कार्यक्रम की सफलता को लेकर आभार प्रकट करते हुये कहा कि पुरे निष्ठा के साथ मतदान करें। क्योकि लोकतंत्र में मतदान का महत्वपूर्ण स्थान है। मतदान के बदौलत युवा अपने भविष्य में अच्छी शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य उपलब्ध करा पाते है। समारोह के आयोजक नेहरू युवा केन्द्र के एपीए एवं जिला युवा अधिकारी राशि मिश्रा ने कार्यक्रम के सभी पक्षों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। विपरीत परिस्थितियों में सफलतम कार्यक्रम को लेकर आभार प्रकट किया। शेरनारायण ने समारोह का सुन्दर एवं सफल संचालन किया। समारोह में रमावती सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक अवनीश कुमार ने प्रतिकुल परिथितियों में एक लक्ष्य पर आधरित न होकर बड़े उल्लास के साथ इस मतदान समारोह में अधिक से अधिक बढ़-चढ़ कर भाग लेना ही हमारा पहला उद्देश्य होना चाहिये। मतदान से ही देश का निर्माण होता है। इसलिए सोच-समझकर मतदान करना चाहिए।



## एक नजर

### मतदान हेतु प्रेरित करने के संकल्प पत्र किया गया वितरित




**मऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देश बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में अध्यनरत बच्चों के अभिभावकों से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मऊ में किया गया । जिसमें बच्चों को संबोधित करते हुए सहायक स्वीप सह जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि एक-एक वोट का कितना महत्व है एक वोट से सरकारी बनती हैं और एक वोट से सरकार नहीं बन पाती है। उन्होंने अध्यनरत बच्चों को संकल्प पत्र वितरित किया और निर्देशित किया कि समस्त बच्चे अपने-अपने अभिभावकों से संकल्प पत्र को भरवा लेंगे तथा अपने माता-पिता को यह शपथ दिलाएंगे कि हम मतदान के दिन अवश्य जाकर के वोट देंगे। यदि कोई मतदाता उन्हें पसंद नहीं है तो भी नोटा पर जाकर के वोट देना है, किसी भी दशा में वोट देने से वंचित नहीं रहना है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका आराधना राय, जिला समन्वयक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, सुरेश चौहान ,सूर्यकांत चौहान और विवेक राय आदि उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार स्कूल बस खाई में पलटी, ड्राइवर समेत तीन बच्चे घायल



**जौनपुर।** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाईनुमा गड्ढे में पलटी। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एंबुलेंस से राहत व बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस ने गंभीर घायल ड्राइवर को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। तीन बच्चों को मामूली चोट लगी है। थाना जफराबाद क्षेत्र के बाजार स्थित काली प्रसाद इंटर कॉलेज की बस बच्चों को लेकर उनके घर पहुंचाने जा रही थी। तभी जाफराबाद बाईपास के पास पहुंची थी कि एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई।बस पलटने के बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया।बच्चों की चींख पुकार मच गई। इस दौरान बस चालाक व तीन बच्चो को चोट लगी है। बस में कुल 25 बच्चे सवार थे। जिसमें से तीन को मामूली चोट आई और ड्राइवर को गंभीर चोटे लगी है।जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ सिटी देवेश सिंह ने बताया कि काली प्रसाद इंटर कॉलेज की स्कूल बस 25 बच्चों को लेकर उनके घर छोड़ने के लिए जा रही थी तभी बस जाफराबाद बाईपास के पास पहुंची थी की बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। बस में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर देखा जाएगा कि किस तरह की लापरवाही की गई है। उसके बाद आगे की विधि कार्रवाई की जाएगी।सीओ देवेश ने बताया कि ड्राइवर को ज्यादा चोट लगी है। जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहीं दिपाली यादव पुत्री श्याम नारायण निवासी वेलाव थाना केराकत जौनपुर व अनुष्का राजभर पुत्री राजेश हौज जफराबाद जौनपुर को मामूली चोटे आई हैं।

## खबरें फटाफट

### दारोगा की पिस्टल व मैगजीन चोरी के मामले में सिपाही गिरफ्तार

**हरदोई।** यूपी-112 की पीआरवी में तैनात उपनिरीक्षक की सरकारी पिस्टल और मैगजीन चोरी के मामले में पुलिस ने यूपी 112 के एक सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर पिस्टल और मैगजीन भी बरामद कर ली गई है। सिपाही को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। यूपी 112 की पीआरवी में तैनात जोगेंद्र सिंह ने नौ मार्च को शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि वह पांच मार्च से तीन दिन के अवकाश पर गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकारी पिस्टल और दस मैगजीन पुलिस क्लब की अपनी बैरक में बक्से में रखी थी। अवकाश से वापस आने पर बक्से का ताला टूटा मिला और सरकारी पिस्टल व मैगजीन गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस कप्तान केसी गोस्वामी ने जोगेंद्र सिंह को लापरवाह मानते हुए निलंबित कर दिया था।घटना का खुलासा करने के लिए एसपी ने दो टीमें गठित की थीं। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले थे। इनसे पता चला था कि यूपी 112 की पीआरवी में जोगेंद्र सिंह के साथ ही तैनात सिपाही संभल जनपद के थाना बहजोई देहात के गांव कच्ची मड़ैया निवासी राहुल गौतम ने चोरी की है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किया गया सिपाही 2019 में पुलिस में भर्ती हुआ था।

### रेप के बाद मर्डर करने वाले जीजा को हुई फांसी

**औरैया।** जिला कोर्ट की पाक्सो अदालत ने रेप के बाद हत्या करने वाले जीजा रोहित को फांसी की सजा सुनाई है। यह फैसला 10 महीने के भीतर कोर्ट ने सुनाया है, जहां दिबियापुर थाना क्षेत्र के तैयापुर गांव में बहन के घर घूमने आई 10 वर्ष की साली के साथ रोहित ने रेप किया और बाद में उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। पुलिस ने थाने में उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। पत्नी की गवाही पर उसे सजा मिली। सजा के ऐलान के बाद पत्नी अदालत में ही दहाड़े मारकर रोने लगी। उसे उम्मीद नहीं थी कि अदालत फांसी की सजा भी सुना सकती है। कातिल पर पांच लाख का जुमार्ना भी लगा है।

यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश, विद्युत व्यवस्था ट्रिपिंग विहीन और आदर्श होनी चाहिए

# होली के अवसर पर पूरे प्रदेश में होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

- 75 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों, नगर पंचायत मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों और जनपद मुख्यालयों में बिना कटौती 24 घंटे विद्युत आपूर्ति

**केटी न्यूज/लखनऊ**

रंगों के त्योहार होली पर प्रदेशवासियों को उच्च कोटि की निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल ने पांचों डिस्कॉम को कटौती मुक्त और ट्रिपिंग विहीन विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान प्रदेश में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सरकार दशहरे, नवरात्र और दीपावली के साथ ही अयोध्या में श्री रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों, नगर पंचायत मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों और जनपद मुख्यालयों में बिना कटौती 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रिकॉर्ड बना चुकी है।

**अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश**

अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बताया कि होली के पर्व के महत्व को देखते हुए प्रदेश को प्रकाश युक्त रखने का निर्णय लिया गया है। इससे आमजन के साथ ही व्यवसाय को भी लाभ होगा। अध्यक्ष ने बताया है कि पर्व के दौरान पूरे प्रदेश भर में सभी क्षेत्रों को 24 घंटे कटौती मुक्त विद्युत प्राप्त होगी।



अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत विद्युत प्राप्त हो इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने बताया कि वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहार पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कहा गया है। डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि होली के बाद भी प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप सुनिश्चित की जा रही आपूर्ति**

मालूम हो की प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है तो वहीं नगर पंचायत मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे और जनपद मुख्यालयों के लिए 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है। वहीं बुंदेलखंड के सभी 7 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है। इन सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## होली समरसता का पावन पर्व : राजेंद्र सक्सेना

**चंदौली।** दीनदयाल नगर स्थित स्वयंवर लॉन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा फाग महोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संघ के स्वयंसेवकों ने सपरिवार भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्र मुख्य मार्ग प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश राजेंद्र सक्सेना, जिला प्रचारक आशुतोष, रामकिशोर पोद्दार, डॉ अनिल यादव, संजय अग्रवाल, विकास चौधरी, संतोष उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्जवन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया गया। सांस्कृतिक संध्या का प्रारंभ काशी से आए हुए गायक मयंक मिश्रा एवं कुंदन द्वारा गणेश वंदना से किया गया। गायकों ने भजन एवं गीतों की प्रस्तुति से वातावरण होलीमय कर दिया । सुमित कुमार सिंह द्वारा गए होली गीतों की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। अन्य प्रस्तुतियों में नित्या उपाध्याय,बेबी गुप्ता, सुशील शाही, जयप्रकाश जायसवाल द्वारा होली गीत गाए गए जिससे सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। कत्थक नृत्यांगना सरिता श्रीवास्तव द्वारा होली कत्थक नृत्य की प्रस्तुति की गई। डॉ विनय कुमार वर्मा एवं सुरेश रैना अकेला ने कविता पाठ कर वातावरण को बांधे रखा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि राजेंद्र सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली समरसता का पर्व है। समाज निर्माण की प्रथम इकाई परिवार होती है और यह देखकर बड़ा हर्ष हो रहा है कि सभी कार्यकर्ता अपने परिवार के साथ यहां पर उपस्थित हुए हैं। उन्होंने बताया कि 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण कर लेगा और इस नियमित शताब्दी वर्ष के लिए कुछ उद्देश्य नियत किए गए हैं जिनको पूर्ण करने में परिवार की बहुत बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे पड़ोस में जो परिवार है उनके साथ क्या घटनाएं हो रही है हमें नहीं पता होता, यह बड़ी चिंता का विषय है। हम अपने परिवारों तक ही सीमित रह गए हैं, समाज से हमारा कोई लेना-देना नहीं रहा जबकि हमारी भारतीय संस्कृति में हमारी चिंता सिर्फ परिवार को लेकर नहीं बल्कि अपने पड़ोसियों और समाज को लेकर रही है। उन्होंने सभी को आगामी होली उत्सव के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## 85 वर्ष की उम्र पार कर और 40 से अधिक दिव्यांगता वाले कर सकेंगे घर से वोट

- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मऊ में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जौनपुर।** जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी सह उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाताओं के लिए गठित कमेटी व समाजसेवी संस्थाओं के साथ मीटिंग हुई। जिसमें दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन संबंधित सुविधा प्रदान किये जाने के लिए विचार विमर्श और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाज सेवी संस्थाओ से भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर एसडीएम राम अक्षयबर चौहान ने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई दिक्कत नहीं हो। इसके लिए तमाम तरह के उपाय किये जा रहे हैं। दिव्यांगों और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांगों तथा वृद्ध जनों के लिए वोट डालते समय व्हील चेयर का इंतजाम किया जाएगा।



उन्होंने अवगत कराना है कि जिन मतदाताओं की आयु 85 वर्ष से अधिक हो गई है या जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं तथा अपना वोट बूथ पर जाकर नहीं डाल सकते तो निर्वाचन आयोग ने उनके लिए घर से वोट डालने की सुविधा उपलब्ध कराई है इसके लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म 12 ऊ भरवाया जा रहा है। ध्यान रहे जिनका यह फॉर्म भरा जाएगा उन्ही को घर से वोट डलवाने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देशित किया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के जिन दिव्यांगजन का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है उनका नाम वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म 6 भरवाकर आवेदन कराये। तथा सभी दिव्यांगजन मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित कराये कि वे 25 मई को अपना मतदान अवश्य करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि जनपद में युद्ध स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चल रहे हैं, कोई भी मतदाता छूट न जाये इस बात पर विशेष ध्यान देने के लिए सभी विभागों के साथ ही समाज सेवी संस्थाओं का सहयोग भी अपेक्षित है। ताकि मतदान हो सके।

## गांव से गायब होती जा रही पारंपरिक होली गायन की संस्कृति

**केटी न्यूज/मऊ**

गांवों में चौपालों पर बैठकों में होली गीत के मस्तानों की टोली आ जुटती थी। सांझ ढलते ही ढोलक-झाल पर उत्साही गवइयों की महफिल सज जाती तो फिर कब आधी रात हो जाती, पता ही नहीं चलता। पहले तो धार्मिक फाग लिए गाने गाए जाते और जब महफिल चरम पर पहुंच जाती तो देवर-भाभी, पति-पत्नी, जीजा-साली और अन्य मजाकिया रिश्तों को गुदगुदाते, आह्लादित करते, झिझोड़ते गीतों तक पहुंच जाते। आज बिरज में होरी रे रसिया.. रघुवर जी वैर करोना .., होरी खेलें रघुबीरा अवध में होरी खेलें रघुबीरा...। कबीरा सररररर.. जैसे पारंपरिक होली गीत अब सुनने को नहीं मिलते और न ही लोगों के घरों पर एकत्र होकर होली गीत गाने वालों के दर्शन होते हैं। यह परंपरा ही अब खत्म होने के कगार पर है। हां, अब उनकी जगह फूहड़ और अश्लील गाने सुनने को मिल रहे। सवारी वाहनों, जीपों, टेम्पो और लग्जरी गाड़ियों में फूहड़ गानों वाले कैसेट की भरमार हो गई एक समय था, जब होली के पन्द्रह-बीस दिन पहले से ही गांवों में फाग गाने वाली मंडलियां दिखाई देने लगती, जगह-जगह पर लोक कलाकारों के कार्यक्रम होते, लेकिन अब डीजे के चलन के चलते सब कम हो गए। क्षेत्र के भोजपुरी कलाकार अरविंद ओझा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिवरात्रि के दिन से ही होली की शुरूआत मानी जाती थी और इसी के साथ होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। पहले गांवों में फागुनी गीत गाए जाते थे जो होली के बाद तक चलते थे, लेकिन अब सिर्फ क्षेत्र के ठेठ ग्रामीण इलाकों और फलियों में होली के दिन शाम में होली के पास जाकर फाग गाई जाती है। अब वो परंपरा भी लुप्त होते नजर आ रही है। जबकि शहरी क्षेत्रों में आधुनिकता हावी हो गई है। जिस रात को होली जलाई जाती है, उस रात्रि में डीजे लगाकर नाचते झूमते देखा जाता है। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में देर रात्रि तक होली गीत गाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं भी देते है।






## सुभाषितम्

जो प्राणिमात्र के लिये अत्यन्त हितकर हो, मै इसी को सत्य कहता हूँ।

- वेदव्यास

# चुनावी बांड का चंदा भाजपा के लिए मुसीबत?

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चुनावी चंदे से संबंधित सभी जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है। चुनाव आयोग ने यह जानकारी अपने पोर्टल पर डाल दी है। जैसे ही यह जानकारी उजागर हुई, उसके बाद हजारों लोग इसकी सच्चाई और वास्तविकता को जानने के लिए जुट गए। जो जानकारी अभी तक निकल कर सामने आई है, उसके अनुसार चुनावी चंदे के रूप में सबसे ज्यादा राशि भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुई है। देश की 22 कंपनियों ने कुल चंदे का लगभग 50 फीसदी चंदा भाजपा को दिया गया है। इनमें जो कंपनियां शामिल हैं उनमें ट्रेडिंग, खनन, धातु, रियल एस्टेट, निर्माण, ऊर्जा और दूरसंचार से लेकर दवा निमार्ता कंपनी भी शामिल है। देश की कुल 771 कंपनियों ने 11484 करोड़ रुपए के चुनावी बांड खरीदे थे। इनमें इन 22 कंपनियों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा थी। इसी बीच सरकार द्वारा इन्हें काम भी दिया गया और इनसे चुनाव का चंदा भी भाजपा को ही ज्यादा मिला है। वहीं कुछ ऐसी कंपनियों ने भी भाजपा को चंदा दिया है जिनके यहां ईड़ी और सीबीआई ने छापे डाले थे। छापे के बाद इन कंपनियों ने बांड खरीदकर भाजपा को चंदा दिया है। यह दी गई जानकारी से उजागर हो रहा है। इसी तरह जिन कंपनियों ने बड़े-बड़े चंदे दिए हैं उन्हें सरकार से बड़े-बड़े ठेके, खनन की लीज एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। चुनावी बांड अब एक प्रमाण के रूप में सामने है। इसे आसानी से झुठलाया भी नहीं जा सकता है। भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा देने वालों में फ्यूचर गेमिंग, मेघा ग्रुप, क्विक सप्लाई चैन, एमकेजी समूह, वेदांता समूह, भारतीय एयरटेल जैसी कंपनियां हैं। 22 कंपनियों ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि चुनावी बांड के माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदे में दी हैं। इसमें 623 करोड़ रुपये का गोपनीय चंदा दिया गया है, जिसके नाम उजागर नहीं किए गए हैं। इसमें से 466 करोड़ रुपए का चंदा भारतीय जनता पार्टी को मिला है। चुनावी बांड के द्वारा दिए गए चंदे को लेकर रोजाना नए-नए तथ्य आश्चर्यजनक रूप से उजागर हो रहे हैं। कई कंपनियों ने अपने मुनाफे से कई गुना ज्यादा राजनीतिक दलों को चंदा दिया है। हाल ही में ईड़ी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। मनी ट्रेल के रूप में ईडी का अदालत में कहना है कि शराब घोटाले से जो 100 करोड़ रुपए की राशि आम आदमी पार्टी को मिली थी उसमें से 25 करोड़ रुपए गोवा के चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने खर्च किए हैं। इस मामले में के कविता को भी गिरफ्तार किया गया है। आम आदमी पार्टी के ऊपर ईड़ी के अधिकारी मनी लांड्रिंग एक्ट में कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। जिस व्यक्ति के बयान के आधार पर यह मुकदमा बनाया गया है, उसने भी भारतीय जनता पार्टी को ईड़ी की कार्रवाई होने के बाद करोड़ों रुपए का चंदा दिया है। जिस तरह से राजनीतिक दलों के चंदे के तार एक दूसरे के साथ जुड़ रहे हैं राजनीतिक विश्लेषकों का यह मानना है क्या आम आदमी पार्टी के मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित सबूत साबित हो पाएंगे या नहीं लेकिन जिस व्यक्ति के बयान के आधार पर शराब घोटाले का मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के लोगों पर चलाया जा रहा है, उसकी आंच भविष्य में भारतीय जनता पार्टी में भी पड़ना तय है। चुनावी बांड के रूप में यह एक प्रमाण के तौर पर सामने है। इसको साबित करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से चुनावी बांड के संबंध में जो जानकारी सामने आई है उसके बाद केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के ऊपर चंदा लेकर कैसे लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है, इसके प्रमाण सामने आ जाने के बाद राजनीतिक दलों की मुसीबत बढ़ सकती है।

## चिंतन-मनन

# अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं। बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

# गलत आबकारी नीति केजरीवाल के लिए बना जाल

- संजय गोस्वामी



सत्ता पाना सिर्फ निजी लाभ के लिए न हो बल्कि जनता की सेवा करने और भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए हो,आज दिल्ली के मुख्य मंत्री केजरीवाल अपने ही कार्यों से फंस गए आखिर शराब को अवैध रूप से बेचने की जरुरत ही क्या थी जो परिवार को उजाड़ देता है बिहार में तो नीतीश कुमार ने बहुत पहले ही राज्य में शराब को बैन कर दिया इतना ही जनता की चिंता होती तो बन्द कर देना चाहिए था गलत तरीके से आबकारी नीति बनबाना और देश के रेवेन्यू पर नुकसान पहुँचाना क्या उचित है, ऐ नशा का चीज है इसमें सरकार को जानकारी होना चाहिए जो नहीं दी गई, क्योंकि ऐ कोर्ट ने फैसला दिया है इसमें मुझे नहीं लगता किसी पार्टी का दोष है ऐ इड की कार्यवाही है इस मुद्दा को पहले कांग्रेस ने ही उठाया और आज कांग्रेस उसकी वकालत कर रही है दरअसल आम आदमी पार्टी ने जो जनता से वादा किया वो पूरा करने में हो सकता है गलत राह पर चल दिए आम आदमी पार्टी का जन्म तो कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के लिए हुआ था लेकिन अब उसी के साथ चिपक गए और पंजाब कॉग्रेस ने तो इसका विरोध भी किया है इसमें सत्ताधारी पार्टी का कोई रोल ही नहीं है अगर ऐसा होता तो श्री आना हजारे ने इसे उसकी गलती बताया है उन्होंने इस कदम की निंदा तक कर दी और वही सुप्रीम कोर्ट है जिसमें चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में वोटिंग के काउंटिंग में बीजेपी के प्रत्याशी को पीठाशीन अधिकारी के रिजल्ट को पलट दिया और आप व कांग्रेस के उम्मीदवार को जीत दिलाई। दरअसल आज सत्ता में बने रहने के लिए साम, दाम, भेद, दण्ड पुरातन काल में राजा द्वारा अपनायी जाने वाली नीतियाँ हैं जिन्हें उपाय-चतुष्टय कहा जाता है। चाणक्य (350-275 ईसा पूर्व) को कौटिल्य और विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी शिक्षा तक्षशिला (अब पाकिस्तान में) में प्राप्त की थी। वह मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में प्रधानमंत्री थे। कौटिल्य विश्व के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने राज्य के विस्तार एवं आंतरिक-बाहरी सुरक्षा की समुचित एवं व्यवस्थित नीति का प्रतिपादन किया था। जिन चार नीतियों व उपायों का वर्णन उन्होंने उस समय किया था वह आज भी उतनी ही प्रामाणिक हैं जितनी उस समय थी। आज-कल सत्ता पाने के चक्कर में साम, दाम, भेद और दंड का रास्ता अपनाना किसी की पार्टी तोड़ कर अपनी पार्टी बनाना सत्ता पक्ष में विरोधीदल को अपने पाले में लेना जनादेश का अपमान है ऐ सत्ता पाने का लालच लोभ मनुष्य के जीवन के पराभव का पतन द्वार है। यदि सत्ता लोकतान्त्रिक तरीके से चलती है तो सभी को सम्मान करना चाहिए यदि सत्ता का लोभ हो और देश सेवा की भावना से परे निजी लाभ हेतु या किसी को व्यक्तिगत तरीके से फायदा पहुँचाना हो तो इसमें परिवारवाद आ जाता है और अनीति पर पूरा दल ही लालची हो जाता है इस तरह की सत्ता मनुष्य के जीवन का ऐसा मानसिक विकार है, जो उसके उत्कर्ष में बाधा डालता है। सत्ता का लोभी व्यक्ति आचरण से हीन हो जाता है वह अपने स्वाभिमान को भुलाकर किसी कामना के वशीभूत होकर चाटुकार बन जाता है, उसका अपना व्यक्तित्व नष्ट हो जाता है और किसी से कुछ पाने की आशा में अपना सब कुछ गंवा देता है। लोभी व्यक्ति का चारित्रिक पतन हो जाता है। लोभ राजनीति का हो, किसी ऊंचे पद का हो, अर्थ प्राप्ति का हो, वासना के वेग का हो या किसी भी प्रकार से किसी से कुछ पाने की लालसा का हो, ठीक नहीं है। एक क्षणिक प्यास की तरह है जिसकी पूर्ति के लिए मनुष्य अनैतिक बन जाता है और गलत-काम करने लगता है। वह भूल जाता है कि उसके जीवन की कुछ मर्यादाएँ भी हैं। हम अपने जीवन में ऐसा ही अनुभव करते हैं कि थोड़े से सुख, थोड़े से लाभ, एक-आध ऊंची कुर्सी पाने के लिए ऐसे लोगों के पैर छूने लगते हैं जो स्वयं चारित्रिक दृष्टि से गिरे होते हैं। जब हम लोभ करते हैं, तो हमारा पूरा व्यक्तित्व दीन, हीन और दरिद्र बनकर खड़ा हो जाता है जिससे हमारी अपनी जीवनशक्ति शरीर में हो रहे जैविक परिवर्तन से बुरी तरह आहत होने लगती है और हमारे जीवन में जो स्वाभिमान की ऊर्जाशक्ति है वह दासत्व ग्रहण करने लगती है। लोभी व्यक्ति अपनी सारी मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों को छोड़कर स्वयं स्वीकार करने लगता है कि हम दूसरी पंक्ति में खड़े लोग हैं, हम दूसरे की जयकार बोलनेवाले हैं और भाट की तरह दूसरे की प्रशस्ति के गीत गाने वाले लोग हैं। ऐसे सत्ता पाने की लोभी विचारों, का असर आशाओं, निराशाओं, भय, घृणा, क्रोध आदि मनोवेगों का प्रभाव पड़ता है जो हमारे शरीर के अंग-प्रत्यंग पर असर डालता है और हमारे स्वास्थ्य और मनोदशा पर पड़ता है, जो शरीर की एक-एक कोशिश (सेल) पर पड़ता है, जो हृदय और मस्तिष्क पर पड़ता है, रक्त पर पड़ता है, स्नायुतंत्र (नर्वस-सिस्टम) पर पड़ता है। हमारे विचारों का प्रभाव हमारे व्यक्तित्व में झलकता है। जितनी बार भी हम सत्ता पाने की कोशिश को गलत दिशा में करेंगे नहीं मिलने पर चिंता से घबरा उठते हैं अथवा उत्तेजित होकर व्यर्थ ही घृणापूर्ण क्रोध में भड़क उठते हैं, उतनी बार हम मानों अपने ही शरीर में, मस्तिष्क से तथा प्रत्येक सेल से ही लड़ बैठते हैं। ऐसे लोग कभी भी समाज को दिशा नहीं दे सकते न ही खुद की उन्नति करने में सफल हो सकते हैं। लेकिन क्योंकि भारत की जनता ईमानदार, गूंगा-बहरा नहीं है, ऐसे में अगले चुनाव मेंअगर जनता चुन भी लेती है लेकिन अपनी ही पार्टी की जाल में फंसकर सत्ता चली जाती है उसके बाद राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा। कहते है राजनीति में कोई हमेशा के लिए दोस्त नहीं होता और कोई हमेशा के लिए दुश्मन नहीं होता। लेकिन पिछलें कुछ दिनों में इसी राजनीति में राजनीति गरिमा को भी ताड़-ताड़ कर दिया गया है। ऐसा नहीं है कि देश ने पहली बार राजनीति में भाषा की इतनी गिरी हुई मयार्दा देखी है, लेकिन अपना भूत से कोई भी सीख ना लेते हुए राजनेताओं का बार-बार उसी तरह से राजनीतिक भाषा को नीचे स्तर पर ले जाना ना ही सिर्फ देश की राजनीति के लिए एक खराब आज और कल होगा बल्की देश की छवि को भी इससे काफी गहरा धक्का लगता है। पूज्य डॉ प्रणव पांड्याजी के पास एक बार हरिद्वार गया पुलिस फॉर्स तैनात था क्योंकि देव संस्कृती विश्वविश्व विद्यालय के कुलपति थे उन्होंने मुझे तुरंत बुलाया जितनी बातें बताई सब बिलकुल सत्य निकला उन्होंने राजनीति में राज्य सभा की सदस्यता को लातमार दी क्योंकि उन्हें मालूम था जितना सेवा अपनी गद्दी पर मातरम के आशीर्वाद से सेवा गरीब की भलाई कर सकते हैं उतना राजनीति में रह कर नहीं ऐ बात हमेशा हमें सुनाई देती है। अतः कोर्ट का फैसला सर्वमान्य होता है अगर श्री केजरीवाल की गिरफ़्तारी को सत्ता से प्रेरित सरकार की कार्यवाही माने तो न्यायपालिका पर प्रश्न चिन्ह लग सकता है। लोकतांत्रिक प्रणाली में न्यायपालिका पर भरोसा करना चाहिए जो लोकतंत्र के आधार को सुरक्षित रखती हैं। न्यायपालिका कितनी बार सरकार के फैसले को बदल दी है उनका निर्णय तथ्यों के आधार पर होता है।

# मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली

-रमेश सर्राफ धमोरा



होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्व है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है। शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह- जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। जबकि, शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष और बुआ कपडे और खिलौने होली पर बच्चे को देते हैं।९

# आसानी से छुड़ाएं त्वचा से होली के रंग

- श्वेता गोयल

होली का त्यौहार है ही ऐसा मस्ती भरा कि हर किसी का मन इसके मतवाले रंगों में रंगने को मचल उठता है लेकिन दिनभर की मस्ती के बाद शरीर पर रंग इस कदर रच जाते हैं कि इन्हें छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। आपकी इसी परेशानी को दूर करने के लिए हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा से रंगों को आसानी से छुड़ा सकते हैं और त्वचा पर रंगों के रचने के डर से बेखबर होकर होली का भरपूर मजा ले सकते हैं:-

- शरीर के किसी भी हिस्से पर रंग लग जाने पर त्वचा को किसी खुरदरी वस्तु से घिस-घिसकर रंग उतारने की कोशिश न करें क्योंकि इससे आपकी त्वचा छिल सकती है। अगर त्वचा पर ज्यादा रंग लग जाए तो रंग छुड़ाने का आसान और बेहतर उपाय यही है कि नारियल या सरसों के तेल में रूई भिगो-भिगोकर धीरे-धीरे हल्के हाथ से रगड़कर रंग छुड़ाएं। गहरे रंग के ऑयल पेंट को छुड़ाने के लिए भी यही उपाय अपनाएं।रंग छुड़ाने के लिए नारियल तेल या सरसों के तेल के बजाय क्लींजिंग मिल्क का भी प्रयोग कर सकते हैं।त्वचा को रंग या गुलाल के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए होली खेलने के बाद शरीर को नहाने के साबुन से अच्छी तरह साफ कर लें और नहाने के बाद त्वचा पर कोई एंटीसेप्टिक क्रीम लगा लें।रंग छुड़ाने के लिए डिटरजेंट साबुन, मिट्टी के तेल, दही, हल्दी इत्यादि का उपयोग न करें क्योंकि ये त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे अथवा ताजा पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से स्नान करने पर रंग और भी पक्के हो जाते हैं। त्वचा का रंग उतारने के लिए बेसन, हल्दी व सरसों का तेल मिलाकर उबटन धीरे-धीरे रगड़ने से भी रंग बहुत जल्दी उतरता है और त्वचा पर इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता। सिर में रंग भरा हो तो सिर का रंग उतारने अथवा साफ करने के लिए सिर को किसी अच्छे शैम्पू से अच्छी तरह से धोएं। सिर का रंग छुड़ाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि यह शरीर की त्वचा पर न गिरे और सिर धोते समय आंखें भी बंद हों। गुलाल को कभी भी सिर्फ पानी से ही धोने की कोशिश न करें क्योंकि इससे इसका रंग और भी फैलता है। इसे साफ करने के लिए किसी अच्छे बाथ सोप का प्रयोग करें। होली के रंग कई बार इतने पक्के होते हैं कि एक ही बार में नहीं छूटते। इसलिए शरीर की त्वचा अथवा चेहरे को रगड़-रगड़कर एक ही बार में सारा रंग उतारने की कोशिश में अपनी त्वचा के साथ ज्यादती न करें। एक बार में जितना रंग आसानी से छूट जाए, बेहतर है। बाकी का रंग धीरे-धीरे अपने आप उतरता जाएगा। चेहरे से होली के रंग छुड़ाने के बाद यदि थोड़ी-बहुत जलन महसूस हो तो गुलाब जल में थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरा गुनगुने पानी से धो लें।

## आज का राशिफल

**मेष** हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फल देने वाला होगा।

**तुला** आर्थिक लाभ होगा और आपका भाग्य साथ देगा। सांसारिक सुख भोगों की वृद्धि कर रहा है।

**वृषभ** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है।

**वृश्चिक** दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से आपको खुशी होगी।

**मिथुन** आज आर्थिक मामलों में लाभ होग और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा।

**धनु** धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का कर सकते हैं।

**कर्क** आय भाव में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ साझीदारों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपको किसी नई डील से अचानक धन लाभ होगा।

**सिंह** दिन मिश्रित फलकारक है। आपको लाभ होगा। समाज में आपकी स्वच्छ छवि का निर्माण होगा।

**कुंभ** धन में वृद्धि होगी और आर्थिक योजनाएं सरलता से पूर्ण होंगी। किसी महान सफलता का हर्ष होगा।

**कन्या** आज आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

**मीन** आज कार्यक्षेत्र में लाभ का दिन है। आपको सुख समृद्धि प्राप्त होगी। दिन अच्छा है।

## विशेष

# क्या कर लेगा भाजपा का मुस्लिम उम्मीदवार

भारतीय जनता पार्टी ने केरल से एक मुस्लिम उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा है। केरल के मल्लपुरम लोक सभा सीट से मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है। उम्मीदवार एम अब्दुल सलीम विश्वविद्यालय के कुलपति रहे हैं। यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। इस प्रत्याशी को प्रधानमंत्री ने अपने रोड शो में साथ में नहीं रखा। उनका प्रचार करने के लिए अमित शाह या कोई बड़े नेता भी नहीं आएंगे। प्रतीक के रूप में भाजपा ने एक मुस्लिम उम्मीदवार को केरल से टिकट दे दी है। भाजपा में मुसलमानों को लेकर जो स्थिति है। वह प्रधानमंत्री के रोड शो से स्पष्ट हो गई है।

# मोईत्रा के पीछे लगी सीबीआई कैसे लडेंगी चुनाव

पश्चिम बंगाल की दूसरी शेरनी तृणमूल कांग्रेस की सांसद रही, महुआ मोइत्रा कृष्णा नगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। जैसे ही उनके टिकट की घोषणा हुई। उसके बाद लोकपाल के आदेश से सीबीआई उनके पीछे लग गई है। जगह-जगह छापे डाले जा रहे हैं। लोकपाल ने 6 माह के अंदर सीबीआई को जाँच रिपोर्ट देने को कहा था। सीबीआई ने बड़ी तत्परता के साथ लोकसभा चुनाव के दौरान ही छापेमारी शुरू कर दी है। हो सकता है, चुनाव के दौरान सीबीआई उन्हें गिरफ्तार कर ले। सीबीआई छापे के कारण वह चुनाव लड़ने में ध्यान नहीं दे पा रही हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1307: दोलताबाद किले पर अलाउद्दीन खिलजी ने कब्जा किया. 1595: इंग्लैंड का फ्रांस और स्काटलैंड के साथ युद्ध बोलोगन संधि के साथ समाप्त हुआ. 1603: इंग्लैंड और स्काटलैंड के तख्त को मिला दिया गया तथा एलिजाबेथ प्रथम की मौत के बाद जेम्स छठवें जेम्स प्रथम के रूप में गद्दी पर बैंठे. 1783: स्पेन ने अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी. 1848: सर्डीनिया ने आस्ट्रिया के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1855: कलकत्ता से आगरा तक पहला तार भेजा गया. 1924: यूनान गणराज्य बना. 1946: लार्ड पैथिक लारेंस के नेतृत्व में ब्रिटिश कैबिनेट मिशन भारत आया. 1947: लार्ड माउंटबैटन ने कार्यभार संभाला. 1977: केन्द्र में पहली गैर कांग्रेस सरकार का गठन हुआ था. 1977: मोरारजी देसाई द्वारा भारत के नये प्रधानमंत्री के रुप में शपथ.

## दैनिक पंचांग

24 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.05 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.45 बजे से |
| मंगल | मकर में | मिथुन | 10.43 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.57 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 15.13 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कन्या | 17.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.36 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.50 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.06 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | मकर | 02.12 बजे से |
| | | कुंभ | 03.58 बजे से |
| | | मीन | 05.31 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 84 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 09.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 07.34 बजे को समाप्त। **योग** गण्ड 20.34 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 09.56 बजे तदनन्तर विष्टि 23.14 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01°32' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871928 **जूलियन दिन** 2460393.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 13 **विशेष** छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, विश्व क्षय रोग (टी.बी.) दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# लोकसभा चुनाव-2024
# उम्मीदवारों की सूची




## घोषित उम्मीदवार

| राज्य | चुनाव क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | कैराना | प्रदीप कुमार (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | कैराना | इकरा हसन (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | मुजफ्फरनगर | हरेंद्र मलिक (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | मुजफ्फरनगर | संजीव बालियान (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बिजनौर | चंदन चौहान (रालोद) |
| उत्तर प्रदेश | नगीना | ओम कुमार (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | रामपुर | घनश्याम लोधी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | संभल | परमेश्वरलाल सैनी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | संभल | शफीकुर्रहमान बर्क (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | अमरोहा | कंवर सिंह तंवर (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बागपत | राजकुमार सांगवान (रालोद) |
| उत्तर प्रदेश | गौतमबुद्ध नगर | महेश शर्मा (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बुलंदशहर | डॉ भोला सिंह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | मथुरा | हेमा मालिनी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | आगरा | सत्यपाल सिंह बघेल (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | फतेहपुर सीकरी | राज कुमार चाहर (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | फिरोजाबाद | अक्षय यादव (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | मैनपुरी | डिंपल यादव (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | एटा | राजवीर सिंह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | एटा | देवेश शाक्य (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | बदायूं | शिवपाल सिंह यादव (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | आंवला | धर्मेंद्र कश्यप (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | आंवला | नीरज मौर्य (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | बरेली | प्रवीण सिंह ऐरन (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | शाहजहांपुर | अरुण कुमार सागर (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | शाहजहांपुर | राजेश कश्यप (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | खीरी | अजय मिश्र टेनी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | खीरी | उत्कर्ष वर्मा (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | धौरहरा | आनंद भदौरिया (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | धौरहरा | रेखा वर्मा (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | सीतापुर | राजेश वर्मा (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | हरदोई | जयप्रकाश रावत (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | हरदोई | उषा वर्मा (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | मिश्रिख | अशोक कुमार रावत (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | मिश्रिख | रामपाल राजवंशी (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | उन्नाव | साक्षी महाराज (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | उन्नाव | अनु टंडन (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | मोहनलालगंज | कौशल किशोर (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | मोहनलालगंज | आरके चौधरी (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ | राजनाथ सिंह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ | रविदास मेहरोत्रा (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | अमेठी | स्मृति ईरानी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | प्रतापगढ़ | डॉ.एसपी सिंह पटेल (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | प्रतापगढ़ | संगम लाल गुप्ता (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | फर्रुखाबाद | डॉ. नवल किशोर शाक्य (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | इटावा | रामशंकर कठेरिया (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | कनौज | सुब्रत पाठक (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | अकबरपुर | राजाराम पाल (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | अकबरपुर | देवेंद्र सिंह भोले (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | जालौन | भानु प्रताप सिंह वर्मा (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | झांसी | अनुराग शर्मा (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | हमीरपुर | अजेंद्र सिंह राजपूत (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | हमीरपुर | कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बांदा | आरके सिंह पटेल (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बांदा | शिवशंकर सिंह पटेल (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | फैजाबाद | अवधेश प्रसाद (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | फैजाबाद | लल्लू सिंह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | अंबेडकर नगर | लालजी वर्मा (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | अंबेडकर नगर | रितेश पांडे (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बहराइच | रमेश गौतम (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती | साकेत मिश्रा (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | गोंडा | श्रेया वर्मा (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | गोंडा | कीर्ति वर्धन सिंह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | डुमरियागंज | जगदंबिका पाल (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बस्ती | राम प्रसाद चौधरी (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | बस्ती | हरीश द्विवेदी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | संत कबीर नगर | प्रवीण कुमार निषाद (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | महराजगंज | पंकज चौधरी (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | रवि किशन (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | काजल निषाद (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | कुशीनगर | विजय कुमार दुबे (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | बांसगांव | कमलेश पासवान (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | लालगंज | नीलम सोनकर (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | आजमगढ़ | दिनेश लाल यादव निरहुआ (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | घोसी | अरविंद राजभर (सुभासपा) |
| उत्तर प्रदेश | सालेमपुर | रवींद्र कुशवाह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | जौनपुर | कृपाशंकर सिंह (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | गाजीपुर | अफजाल अंसारी (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | चंदौली | महेंद्रनाथ पांडेय (भाजपा) |
| उत्तर प्रदेश | चंदौली | वीरेंद्र सिंह (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | वाराणसी | सुरेंद्र सिंह पटेल (सपा) |
| उत्तर प्रदेश | वाराणसी | नरेंद्र मोदी (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | मुरैना | शिवमंगल सिंह तोमर (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | भिंड | संध्या राय (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | ग्वालियर | भारत सिंह कुशवाह (भाजपा) |

## घोषित उम्मीदवार

| राज्य | चुनाव क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | गुना | ज्योतिरादित्य सिंधिया (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | सागर | लता वानखेड़े (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | टीकमगढ़ | वीरेंद्र खटीक (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | दमोह | राहुल लोधी (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | खजुराहो | वीडी शर्मा (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | सतना | गणेश सिंह (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | रीवा | जनार्दन मिश्र (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | सीधी | राजेश मिश्र (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | शहडोल | हिमाद्री सिंह (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | जबलपुर | आशीष दुबे (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | मंडला | फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | होशंगाबाद | दर्शन सिंह चौधरी (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | विदिशा | शिवराज सिंह चौहान (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | भोपाल | आलोक शर्मा (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | राजगढ़ | रोडमल नागर (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | देवास | महेंद्र सिंह सोलंकी (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | मंदसौर | सुधीर गुप्ता (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | रतलाम | अनिता नागर सिंह चौहान (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | खरगोन | गजेंद्र पटेल (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | खंडवा | ज्ञानेश्वर पाटिल (भाजपा) |
| मध्य प्रदेश | बैतूल | दुर्गा दास उईके (भाजपा) |
| राजस्थान | बीकानेर | अर्जुन राम मेघवाल (भाजपा) |
| राजस्थान | चुरू | देवेंद्र झांझरिया (भाजपा) |
| राजस्थान | सीकर | स्वामी सुमेधानंद सरस्वती (भाजपा) |
| राजस्थान | अलवर | भूपेंद्र यादव (भाजपा) |
| राजस्थान | भरतपुर | रामस्वरूप कोली (भाजपा) |
| राजस्थान | नागौर | ज्योति मिर्धा (भाजपा) |
| राजस्थान | पाली | पीपी चौधरी (भाजपा) |



| राज्य | चुनाव क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| राजस्थान | जोधपुर | गजेंद्र सिंह शेखावत (भाजपा) |
| राजस्थान | बाड़मेर | कैलाश चौधरी (भाजपा) |
| राजस्थान | जालौर | लुम्बाराम चौधरी (भाजपा) |
| राजस्थान | उदयपुर | मन्नालाल रावत (भाजपा) |
| राजस्थान | बांसवाड़ा | महेंद्र मालवीय (भाजपा) |
| राजस्थान | चित्तौड़गढ़ | सीपी जोशी (भाजपा) |
| राजस्थान | कोटा | ओम बिड़ला (भाजपा) |
| राजस्थान | झालावाड़-बारां | दुष्यंत सिंह (भाजपा) |
| दिल्ली | चांदनी चौक | प्रवीण खंडेलवाल (भाजपा) |
| दिल्ली | उत्तर पूर्व दिल्ली | मनोज तिवारी (भाजपा) |
| दिल्ली | पूर्व दिल्ली | कुलदीप कुमार (आप) |
| दिल्ली | नई दिल्ली | बांसुरी स्वराज (भाजपा) |
| दिल्ली | नई दिल्ली | सोमनाथ भारती (आप) |
| दिल्ली | पश्चिम दिल्ली | कमलजीत सहरावत (भाजपा) |
| दिल्ली | पश्चिम दिल्ली | महाबल मिश्रा (आप) |
| दिल्ली | दक्षिण दिल्ली | रामवीर सिंह बिधूड़ी (भाजपा) |
| दिल्ली | दक्षिण दिल्ली | साहीराम (आप) |
| हरियाणा | कुरुक्षेत्र | सुशील गुप्ता (आप) |
| उत्तराखंड | टिहरी गढ़वाल | माला राज्यलक्ष्मी शाह (भाजपा) |
| उत्तराखंड | अल्मोड़ा | अजय टम्टा (भाजपा) |
| उत्तराखंड | नैनीताल-उधमसिंह नगर | अजय भट्ट (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | रायगढ़ | राधेश्याम राठिया (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | कूच बिहार | निशिथ प्रमाणिक (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | कूच बिहार | जगदीश चंद्र बसुरिया (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | अलीपुरद्वार | मनोज तिग्गा (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | अलीपुरद्वार | प्रकाश चिक बड़ाइक (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | जलपाईगुड़ी | निर्मल चंद्र रॉय (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | दार्जिलिंग | गोपाल लामा (टीएमसी) |

## घोषित उम्मीदवार

| राज्य | चुनाव क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | रायगंज | कृष्णा कल्याणी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बालूरघाट | सुकांत मजूमदार (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | बालूरघाट | बिप्लब मित्रा (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | मालदा उत्तर | प्रसून बनर्जी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | मालदा उत्तर | खगेन मुर्मू (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | मालदा दक्षिण | शहनवाज अली रेहान (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | मालदा दक्षिण | श्रीरूपा मित्र चौधरी (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | जंगीपुर | खलीलुर्रहमान (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बहरामपुर | यूसुफ पठान (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बहरामपुर | निर्मल कुमार साह (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | अबू ताहिर खान (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | गौरी शंकर घोष (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | कृष्णानगर | महुआ मोइत्रा (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | राणाघाट | मुकुट मणि अधिकारी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | राणाघाट | जगन्नाथ सरकार (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | बनगांव | विश्वजीत दास (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बनगांव | शांतनु ठाकुर (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | बैरकपुर | पार्थ भौमिक (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | दमदम | सौगत रॉय (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बरसात | काकोली घोष (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बशीरहाट | हाजी नुरुल इस्लाम (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | जयनगर | अशोक कंडारी (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | जयनगर | प्रतिमा मंडल (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | मथुरापुर | बापी हलदर (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | डायमंड हार्बर | अभिषेक बनर्जी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | जाधवपुर | सयानी घोष (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | जाधवपुर | अनिर्बान गांगुली (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता दक्षिण | माला रॉय (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता उत्तर | सुदीप बंधोपाध्याय (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | हावड़ा | प्रसून बनर्जी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | हावड़ा | रथिन चक्रवर्ती (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | उलुबेरिया | सजदा अहमद (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | श्रीरामपुर | कल्याण बनर्जी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | हुगली | रचना बनर्जी (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | हुगली | लॉकेट चटर्जी (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | आरामबाग | मिताली बाग (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | तामलुक | देबांग्शु भट्टाचार्य (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | कांथी | सौमेंदु अधिकारी (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | कांथी | उत्तम बारिक (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | घाटल | हिरनमय चट्टोपाध्याय (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | घाटल | दीपक अधिकारी (देव) (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | झारग्राम | कालीपद सोरेन (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | मेदिनीपुर | जून मालिया (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | पुरुलिया | ज्योतिर्मय महतो (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | पुरुलिया | शांतिराम महतो (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बांकुरा | सुभाष सरकार (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | बांकुरा | अरूप चक्रवर्ती (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | विष्णुपुर | सौमित्र खान (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | विष्णुपुर | सुजाता मंडल खान (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बर्धमान पूर्व | डॉ. शर्मिला सरकार (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बर्धमान-दुर्गापुर | कीर्ति आजाद (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | आसनसोल | शत्रुघ्न सिन्हा (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बोलपुर | असित कुमार मल (टीएमसी) |
| पश्चिम बंगाल | बोलपुर | प्रिया साहा (भाजपा) |
| पश्चिम बंगाल | बीरभूम | शताब्दी रॉय (टीएमसी) |
| जम्मू कश्मीर | उधमपुर | जितेंद्र सिंह (भाजपा) |
| जम्मू कश्मीर | जम्मू | जुगल किशोर शर्मा (भाजपा) |
| गुजरात | कच्छ | विनोद भाई चावड़ा (भाजपा) |
| गुजरात | बनासकांठा | रेखाबेन हितेशभाई चौधरी (भाजपा) |
| गुजरात | पाटन | भरतसिंह दाभी (भाजपा) |
| गुजरात | गांधीनगर | अमित शाह (भाजपा) |
| गुजरात | अहमदाबाद पश्चिम | दिनेशभाई मकवाना (भाजपा) |
| गुजरात | राजकोट | परषोत्तम रुपाला (भाजपा) |
| गुजरात | पोरबंदर | मनसुख मंडाविया (भाजपा) |
| गुजरात | जामनगर | पूनम माडम (भाजपा) |
| गुजरात | भावनगर | उमेशभाई मकवाना (आप) |
| गुजरात | आनंदनगर | मितेश भाई पटेल (भाजपा) |
| गुजरात | खेड़ा | देवुसिंह चौहान (भाजपा) |
| गुजरात | पंचमहल | राजपाल सिंह महेंद्र सिंह (भाजपा) |
| गुजरात | दाहोद | जसवंत सिंह भाभोर (भाजपा) |
| गुजरात | भरूच | मनसुख भाई वसावा (भाजपा) |
| गुजरात | भरूच | चैतर वसावा (आप) |
| गुजरात | बारडोली | प्रभुभाई वसावा (भाजपा) |
| गुजरात | नवसारी | सीआर पाटिल (भाजपा) |
| अरुणाचल प्र. | अरुणाचल पश्चिम | किरेन रिजिजू (भाजपा)अरुणाचल |
| प्रदेश | अरुणाचल पूर्व | तापीर गाओ (भाजपा) |
| असम | दारंग उदालगुरी | दिलीप सैकिया (भाजपा) |
| असम | गुवाहाटी | बिजुली कलिता मेधी (भाजपा) |
| असम | दिफू | अमर सिंह तिस्सो (भाजपा) |
| असम | करीमगंज | कृपानाथ मल्लाह (भाजपा) |
| असम | सिलचर | परिमल शुक्लावैद्य (भाजपा) |
| असम | नौगांव | सुरेश बोरा (भाजपा) |
| असम | काजीरंगा | कामाख्या प्रसाद तासा (भाजपा) |
| असम | सोनितपुर | रंजीत दत्ता (भाजपा) |
| असम | लखीमपुर | प्रधान बरुआ (भाजपा) |
| असम | डिब्रूगढ़ | सर्वानंद सोनोवाल (भाजपा) |
| असम | जोरहट | तोपोन कुमार गोगोई (भाजपा) |
| गोवा | उत्तर गोवा | श्रीपद येस्सो नाइक (भाजपा) |
| गोवा | दक्षिण गोवा | कैप्टन वेन्जी वीगास (आप) |
| कर्नाटक | बीजापुर | एचआर अलगर राजू (कांग्रेस) |
| कर्नाटक | हावेरी | आनंदस्वामी गड्डादेवरा मथ (कांग्रेस) |
| कर्नाटक | शिमोगा | गीता शिवराजकुमार (कांग्रेस) |
| कर्नाटक | हासन | एम. श्रेयस पटेल (कांग्रेस) |
| कर्नाटक | तुमकुर | एसपी मुद्दाहनुमेगौड़ा (कांग्रेस) |
| कर्नाटक | मांड्या | वेंकटरामगौड़ा (कांग्रेस) |
| कर्नाटक | बैंगलोर ग्रामीण | डीके सुरेश (कांग्रेस) |
| केरल | कासरगोड | एमएल अश्विनी (भाजपा) |
| केरल | कासरगोड | एमवी बालाकृष्णन (माकपा) |
| केरल | कासरगोड | राजमोहन उन्नीथन (कांग्रेस) |
| केरल | कन्नूर | सी रघुनाथ (भाजपा) |
| केरल | कन्नूर | के. सुधाकरन (कांग्रेस) |
| केरल | कन्नूर | एमवी जयराजन (माकपा) |
| केरल | वडकरा | प्रफुल्ल कृष्ण (भाजपा) |

## घोषित उम्मीदवार

| राज्य | चुनाव क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| केरल | वडकरा | शफी परम्बिल (कांग्रेस) |
| केरल | वडकरा | केके शैलजा (माकपा) |
| केरल | वायनाड | राहुल गांधी (कांग्रेस) |
| केरल | वायनाड | एनी राजा (भाकपा) |
| केरल | कोझिकोड | एमटी रमेश (भाजपा) |
| केरल | कोझिकोड | एमके राघवन (कांग्रेस) |
| केरल | कोझिकोड | एलामारम करीम (माकपा) |
| केरल | मल्लापुरम | ई.टी. मोहम्मद बशीर आईयूएमएल |
| केरल | मल्लापुरम | अब्दुल सलाम (भाजपा) |
| केरल | मल्लापुरम | वी. वसीफ (माकपा) |
| केरल | पोन्नानी | निवेदिता सुब्रमण्यम (भाजपा) |
| केरल | पोन्नानी | अब्दुल समद समदानी (आईयूएमएल) |
| केरल | पोन्नानी | केएस हमसा (माकपा) |
| केरल | पलक्कड़ | वीके श्रीकंदन (कांग्रेस) |
| केरल | पलक्कड़ | ए विजयराघवन (माकपा) |
| केरल | पलक्कड़ | सी कृष्ण कुमार (भाजपा) |
| केरल | अलाथुर | राम्या हरिदास (कांग्रेस) |
| केरल | अलाथुर | के राधाकृष्णन (माकपा) |
| केरल | त्रिशूर | वीएस सुनिल कुमार (भाकपा) |
| केरल | त्रिशूर | के. मुरलीधरन (कांग्रेस) |
| केरल | त्रिशूर | सुरेश गोपी (भाजपा) |
| केरल | चालकुडी | सी. रवीन्द्रनाथ (माकपा) |
| केरल | चालकुडी | बेनी बेहनन (कांग्रेस) |
| केरल | एर्नाकुलम | हिबी ईडन (कांग्रेस) |
| केरल | एर्नाकुलम | केजे शाइन (माकपा) |
| केरल | इडुक्की | जॉयस जॉर्ज (माकपा) |
| केरल | इडुक्की | डीन कुरियाकोस (कांग्रेस) |



| राज्य | चुनाव क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| केरल | कोट्टायम | थॉमस चाजिकादान (केरल कांग्रेस (एम)) |
| केरल | कोट्टायम | के. फ्रांसिस जॉर्ज (केरल कांग्रेस) |
| केरल | अलप्पुझा | केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस) |
| केरल | अलप्पुझा | शोभा सुरेंद्रन (भाजपा) |
| केरल | अलप्पुझा | ए.एम. आरिफ (माकपा) |
| केरल | मावेलिक्करा | कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस) |
| केरल | मावेलिक्करा | सीए अरुणकुमार (भाकपा) |
| केरल | पथानामथिट्टा | टीएम थॉमस इसाक (माकपा) |
| केरल | पथानामथिट्टा | अनिल के. एंटनी (भाजपा) |
| केरल | पथानामथिट्टा | एंटो एंटनी (कांग्रेस) |
| केरल | कोल्लम | एम मुकेश (माकपा) |
| केरल | कोल्लम | एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी) |
| केरल | आटिंगल | वी. जॉय (माकपा) |
| केरल | आटिंगल | वी. मुरलीधर (भाजपा) |
| केरल | आटिंगल | अदूर प्रकाश (कांग्रेस) |
| केरल | तिरुवनंतपुरम | राजीव चंद्रशेखर (भाजपा) |
| केरल | तिरुवनंतपुरम | पन्नियन रवींद्रन (भाकपा) |
| केरल | तिरुवनंतपुरम | शशि थरूर (कांग्रेस) |
| मेघालय | शिलॉन्ग | विंसेंट एच पाला (कांग्रेस) |
| मेघालय | तुरा | सलेंग ए. संगमा (कांग्रेस) |
| नगालैंड | नगालैंड | एस सुपोंगमेरेन जमीर (कांग्रेस) |
| सिक्किम | सिक्किम | गोपाल छेत्री (कांग्रेस) |
| तेलंगाना | करीमनगर | बंडी संजय कुमार (भाजपा) |
| तेलंगाना | निजामाबाद | अरविंद धर्मापुरी (भाजपा) |
| तेलंगाना | जहीराबाद | बीबी पाटिल (भाजपा) |
| तेलंगाना | जहीराबाद | सुरेश कुमार शेतकर (कांग्रेस) |
| तेलंगाना | मलकाजगिरी | इटेला राजेंदर (भाजपा) |
| तेलंगाना | सिकंदराबाद | जी किशन रेड्डी (भाजपा) |
| तेलंगाना | हैदराबाद | माधवी लता (भाजपा) |
| तेलंगाना | चेलवेल्ला | कोंडा विश्वेसर रेड्डी (भाजपा) |
| तेलंगाना | महबूबनगर | चल्ला वामशी चंद रेड्डी (कांग्रेस) |
| तेलंगाना | नगरकुरनूल | पी भारत (भाजपा) |
| तेलंगाना | नलगोंडा | रघुवीर कुंदरू (कांग्रेस) |
| तेलंगाना | भोंगीर | बोरा नरसैया गौड़ (भाजपा) |
| तेलंगाना | महबूबाबाद | बलराम नाइक पोइका (कांग्रेस) |
| त्रिपुरा | त्रिपुरा पश्चिम | बिप्लव देव (भाजपा) |
| त्रिपुरा | त्रिपुरा पश्चिम | आशीष कुमार साहा (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | सरगुजा | चिंतामणि महाराज (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | जांजगीर-चंपा | शिवकुमार डहरिया (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | जांजगीर-चंपा | कमलेश जांगड़े (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | कोरबा | ज्योत्सना महंत (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | कोरबा | सरोज पांडे (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | बिलासपुर | तोखन साहू (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | राजनांदगांव | भूपेश बघेल (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | राजनांदगांव | संतोष पांडे (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | दुर्ग | विजय बघेल (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | दुर्ग | राजेन्द्र साहू (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | रायपुर | बृजमोहन अग्रवाल (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | रायपुर | विकास उपाध्याय (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | महासमुंद | रूप कुमारी चौधरी (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | महासमुंद | ताम्रध्वज साहू (कांग्रेस) |
| छत्तीसगढ़ | बस्तर | महेश कश्यप (भाजपा) |
| छत्तीसगढ़ | कांकेर | भोजराज नाग (भाजपा) |
| झारखंड | राजमहल | ताला मरांडी (भाजपा) |
| झारखंड | दुमका | सुनील सोरेन (भाजपा) |
| झारखंड | गोड्डा | निशिकांत दुबे (भाजपा) |
| झारखंड | कोडरमा | अन्नपूर्णा देवी (भाजपा) |
| झारखंड | रांची | संजय सेठ (भाजपा) |
| झारखंड | जमशेदपुर | विद्युत बरण महतो (भाजपा) |
| झारखंड | सिंघभूम | गीता कोड़ा (भाजपा) |
| झारखंड | खूंटी | अर्जुन मुंडा (भाजपा) |
| झारखंड | लोहरदगा | समीर उरांव (भाजपा) |
| झारखंड | पलामू | विष्णु दयाल राम (भाजपा) |
| झारखंड | हजारीबाग | मनीष जयसवाल (भाजपा) |
| अंडमान नि. | अंडमान निकोबार | बिष्णु पद रे (भाजपा) |
| दमन-दीव | दमन और दीव | लालूभाई पटेल (भाजपा) |
| लक्षद्वीप | लक्षद्वीप | मो. हमदुल्लाह सईद (कांग्रेस) |



# भद्रा के कारण होलिका दहन का करना होगा लंबा इंतजार

साल 2024 का प्रारंभ होने वाला है. नए साल में सबसे बड़ा त्योहार होली है, जो मार्च में पड़ती है. पंचांग के अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा को प्रदोष काल में होलिका दहन करते हैं, उसके अगले दिन सुबह होली का त्योहार मनाया जाता है. हालांकि जब होलिका दहन होता है तो उस समय भद्रा नहीं होनी चाहिए. तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार भार्गव बताते हैं कि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा को प्रदोष काल में भद्रा रहित मुहूर्त में करते हैं, लेकिन साल 2024 में फाल्गुन पूर्णिमा को प्रदोष काल में भद्रा लगी हुई है, जिस वजह से लोगों को होलिका दहन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा. आइए जानते हैं कि नए साल 2024 में होली कब है? होलिका दहन का शुभ मुहूर्त क्या है? होलिका दहन वाले दिन भद्रा कब से कब तक है?

## कब है होलिका दहन

पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 24 मार्च रविवार को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी. फाल्गुन पूर्णिमा तिथि का समापन 25 मार्च सोमवार को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा. उदयातिथि के आधार पर होलिका दहन 24 मार्च 2024 को रविवार के दिन है.

## होलिका दहन भद्रा का समय

24 मार्च को होलिका दहन के दिन भद्रा लग रही है. उस दिन भद्रा का प्रारंभ सुबह 09 बजकर 54 मिनट से हो रही है, जो रात 11 बजकर 13 मिनट तक है. उस दिन भद्रा की पूंछ शाम 06.33 बजे से शाम 07.53 बजे तक है, वहीं भद्रा का मुख शाम 07.53 बजे से रात 10.06 बजे तक है. होलिका दहन के दिन भद्रा का वास पृथ्वी लोक पर सुबह 09.54 बजे से दोपहर 02.20 बजे तक है, वहीं भद्रा का वास पाताल लोक में दोपहर 02.20 बजे से रात 11.13 बजे तक है. भद्रा के समय में हालिका दहन नहीं करते हैं.

## होलिका दहन 2024 मुहूर्त

नए साल 2024 में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 13 मिनट से देर रात 12 बजकर 27 मिनट तक है. होलिका दहन के लिए 1 घंटा 14 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा. होलिका दहन के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बन रहा है. सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 07.34 बजे से अगले दिन सुबह 06.19 बजे तक है, वहीं रवि योग रवि योग सुबह 06.20 बजे से सुबह 07.34 बजे तक है.

## कब है होली 2024

होलिका दहन के अगले दिन सुबह में रंगोंवाली होली खेली जाएगी. साल 2024 में होली 25 मार्च दिन सोमवार को है. उस दिन सुबह 06.19 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा. होली वाले दिन वृद्धि योग सुबह से लेकर रात 09.30 बजे तक है, उसके बाद से ध्रुव योग होगा. उस दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर सुबह 10.38 बजे तक है. उसके बाद से हस्त नक्षत्र होगा.





# फूल-लड्डू-लट्ठ से लेकर रंग और कीचड़ तक, ब्रज में ऐसे खेली जाती है होली

**होली रंगों का त्योहार है, रसभरे रंगों और उमंग भरे गीतों का पर्व है. यह फसल तैयार होने के बाद मस्ती की धुन में झूमते किसानों का उत्सव है, लोक आस्थाओं और सनातन परंपराओं का आयोजन है. कोई नहीं जो इसके रंग में रंगे बिना दामन बचाकर निकल जाए.**

होली में लगने वाले रंग जितने गहरे होते हैं, उतनी ही गहरी परंपरा इस त्योहार को मनाने की रही है. हिंदू मान्यताओं में शायद ही कोई देवी-देवता हो जो होली के रंग में न रंगे हों. हर भगवान के साथ होली की मान्यता जुड़ी है लेकिन कहा जाता है कि जिसने ब्रज की होली नहीं देखी, उसने दुनिया देखी भी तो क्या देखी. ब्रज की होली की बात ही अलग है. देश-विदेश से लोग यहां होली का आनंद लेने आते हैं. त्योहार के कुछ दिनों पहले से ही मथुरा में अलग-अलग तरह की होली का जश्न शुरू हो जाता है जो लगभग 40 दिनों तक चलता है. लड्डू की होली, फूलों की होली, लट्ठमार होली, रंगवाली होली और कीचड़ की होली का खूब जश्न मनाया जाता है. आइए जानते हैं कृष्ण की नगरी ब्रज में खेली जानी वाली होली की शुरुआत कब और कैसे हुई-

## लड्डू की होली

कहा जाता है कि श्रीजी लाड़ली मंदिर में लड्डुओं के साथ होली खेलने की परंपरा द्वापर युग से शुरू हुई थी. मान्यताओं के अनुसार, द्वापर युग में राधा रानी के पिता वृषभानुजी ने कान्हा के पिता नंद बाबा को होली खेलने का न्योता दिया था. इसे स्वीकार करते हुए नंद बाबा ने पत्र लिखकर पुरोहित के हाथों बरसाने भिजवाया. इधर बरसाने में पुरोहित का जमकर स्वागत किया गया. यहां उन्हें एक थाली में ढेर सारे लड्डू दिए गए. इसके बाद बरसाने की गोपियां पुरोहित को रंग लगाने लगीं तो पुरोहित भी अपने बचाव में गोपियों को लड्डू मारने लगे. बस तभी से ब्रज में लड्डू की होली खेली जाती है.

## लट्ठमार होली

लट्ठमार होली खेलने की परंपरा भी भगवान कृष्ण और राधा रानी के समय से चली आ रही है. कहते हैं कि श्री कृष्ण होली के उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे. इस मौके पर वे नंदगांव के ग्वाल बाल के साथ राधा रानी से मिलने उनके महल बरसाने जाते थे. वहीं होली की ठिठोलियों के बीच राधा रानी और उनकी सखियां छड़ी लेकर कान्हा और उनके ग्वालों के पीछे भागती थीं. तभी से लट्ठमार होली खेलने की परंपरा चली आ रही है. आज भी बरसाने और नंदगांव में इसी परंपरा को निभाया जाता हैइस होली को देखने को लिए देश विदेश से लाखों लोग ब्रज आते हैं. फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राधारानी की नगरी बरसाने में लट्ठमार होली खेली जाती है. आज भी नंदगांव के ग्वाल बाल राधा रानी के महल आते हैं और फिर बरसाने की सखियां ग्वालबालों के साथ लट्ठमार होली खेलती हैं.

## फूलों की होली

माना जाता है कि श्री कृष्ण ने होली खेलने की शुरुआत रमणरेती से की थी. यही वजह है कि ब्रज में होली का शुभारंभ रमणरेती में फूलों की होली के साथ किया जाता है. भगवान कृष्ण और राधा रानी के भक्त फूलों की होली खेलते हैं और ब्रज की गलियां भीनी-भीनी खुशबू से महक उठती हैं.

## रंगवाली होली

वैसे तो दुनिया भर में रंगों की होली मनाई जाती है लेकिन कान्हा की नगरी ब्रज में खेली जाने वाली होली अपने आप में पूरे विश्व को समेटे हुए है. होली के 1 महीने पहले से ही ब्रजवासियों में अलग उत्साह देखने को मिलता है. ढोलक की थाप और मजीरों की झनकारों के बीच उड़ते गुलाल किसी का भी मन मोह लेने के लिए काफी हैं.

## कीचड़ की होली

धुलेंडी के दिन रंगों की होली खेलने के बाद ब्रज में गोबर या कीचड़ की भी होली खेली जाती है. कीचड़ से होली खेलने की परंपरा भी यहां सदियों से चली आ रही है.



# होली पर भी मां लक्ष्मी बरसाती हैं धन



यदि आप चाहें तो रंगों के त्योहार होली पर आपकी किस्मत चमक सकती है। लक्ष्मी की बारिश और सुख-समृद्धि कब आपके जीवन में प्रवेश करेगी, यह आपको पता भी नहीं चलेगा। यह सब मुमकिन होगा 'पीली सरसों' के जरिए। इसके लिए आपको होलिका दहन पर पीली सरसों से हवन करना होगा। ऐसा करने पर आपकी हर शुभ मनोकामना पूरी होगी। जी हां, दीपावली के त्योहार की तरह होली में भी आप माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर सकते हैं। होलिका दहन के वक्त सभी राशियों के व्यक्ति पीली सरसों से हवन करें तो वे वर्षभर प्रसन्न रहेंगे, रोग और भय दूर होंगे। इसके अलावा सुख-समृद्धि और विजय की भी प्राप्ति होगी। इसके लिए 'रक्षोघ्नि मंत्र सूक्त' मंत्र को कम से कम 108 बार बोलकर पीली सरसों को होलिका दहन में समर्पित करें। इससे धन लाभ होगा।



# आस्था और विश्वास की जीत का त्योहार होली

**होली का त्योहार भारत में फाल्गुन महीने के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह रंगों और खुशियों का त्योहार है। बच्चों में इस दिन बड़ा ही उत्साह रहता है। कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन इस दिन के अवसर के लिए घरों में बनाए जाते हैं। कहा जाता है कि इस दिन सभी लोगों को सारे गिले-शिकवे मिटाकर दोस्ती कर एक नई शुरुआत करनी चाहिए। यही इस त्योहार का उद्देश्य भी है। अहंकार पर आस्था और विश्वास की जीत के कारण यह त्योहार मनाया जाता है।**

## क्यों मनाया जाता है होली का त्योहार?

दीति के पुत्र हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु से घोर शत्रुता रखते थे। वे खुद से बढ़कर किसी को कुछ भी नहीं समझते थे। लेकिन उनका पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। प्रहलाद भगवान विष्णु में बहुत आस्था रखता था और अपने पिता के मना करने पर भी वह उनकी ही पूजा करता था। इस बात से बेहद नाराज और गुस्सा होकर हिरण्यकश्यप ने अपने ही पुत्र को मार देने के कई प्रयास किए। एक बार उन्होंने प्रहलाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका की मदद ली। होलिका को भगवान शंकर से वरदान मिला हुआ था। उसे वरदान के रूप में एक ऐसी चादर मिली थी जिसे ओढ़ने पर अग्नि उसे जला नहीं सकती थी। होलिका उस चादर को ओढ़कर और प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। लेकिन वह चादर उड़कर प्रहलाद के ऊपर आ गई और प्रहलाद की जगह स्वयं होलिका ही जल गई! होली का त्योहार भारत में फाल्गुन महीने के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह रंगों और खुशियों का त्योहार है। बच्चों में इस दिन बड़ा ही उत्साह रहता है। कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन इस दिन के अवसर के लिए घरों में बनाए जाते हैं। कहा जाता है कि इस दिन सभी लोगों को सारे गिले-शिकवे मिटाकर दोस्ती कर एक नई शुरुआत करनी चाहिए। यही इस त्योहार का उद्देश्य भी है। अहंकार पर आस्था और विश्वास की जीत के कारण यह त्योहार मनाया जाता है। तभी से होली से 1 दिन पहले की रात होलिकादहन किया जाता है। इस दिन घमंड और हर तरह की बुरी चीजों और आदतों की आहुति दी जाती है। होलिका के फेरे लगाकर मंगल-कामना की जाती है और राख से तिलक लगाया जाता है। इस दिन नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मकता को अपनाया जाता है। अगली सुबह रंगों से होली खेली जाती है। इन दिनों फूलों से भी होली खेलने का चलन है। मित्र, संबंधी व पड़ोसी सभी एक-दूसरे से मिलकर रंग-गुलाल लगाते हैं। छोटे, बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं।

## होली की बुराइयां

होली का बहाना लेकर कई लोग नशा करते हैं और अपनी सुध-बुध खो देते हैं। इस दिन कई असामाजिक तत्व अपनी मस्ती के लिए हानिकारक रंगों का इस्तेमाल कर दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चों को बड़ों की निगरानी में ही होली खेलना चाहिए। दूर से गुब्बारे फेंकने से आंखों में घाव भी हो सकता है। रंगों को आंखों और अन्य अंदरुनी अंगों में जाने से बचाएं और दूसरों को रंगते हुए आप भी इस बात का ध्यान रखें कि उनकी आंखों में रंग न जाने पाएं। कुछ बुराइयों पर रोक लगा दें तो होली के त्योहार का रंग फीका नहीं पड़ने पाएगा।

# बहुसांस्कृतिक समाज के जीवंत रंगों का प्रतीक होली

होली पर्व भारत में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जाने वाला प्राचीन पर्व है। होली पर्व हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुल महीने के शुक्ल पक्ष के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली पर्व भारत में परंपरागत रूप से 2 दिन मनाया जाता है। पहले दिन फाल्गुन मास की पूर्णिमा को पूजा की होली मनाई जाती है। इस दिन होलिकादहन होता है। इस दिन गोबर के उपलों या लकड़ियों से भारत में जगह-जगह होली रखी जाती है। सभी लोग प्राचीन परंपराओं के अनुसार होली को पूजते हैं और रात में होलिकादहन होता है। जलती हुई होली के चारों ओर लोग परिक्रमा करते हैं तथा अपने और अपनों के लिए मनौतियां मांगते हैं। उत्तर भारत में होलिकादहन के दिन जलती हुई होली में गेहूं की बाली को भूनकर खाने की परंपरा है।

होली के दूसरे दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को धुलेंडी यानी कि खेलने वाली होली मनाई जाती है। धुलेंडी के दिन लोग एक-दूसरे को सुबह उठकर गुलाल लगाने जाते हैं। इस दिन छोटे अपने बड़ों से गुलाल लगाकर आशीर्वाद लेते हैं। इस दिन लोग एक-दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं और पारंपरिक रूप से होली मनाते हैं। इस दिन घर-घर जाकर लोगों को रंग लगाया जाता है।

धुलेंडी के दिन भारत देश के गली-मोहल्लों में ढोल बजाकर होली के गीत गाए जाते हैं और नाच-कूद किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि होली के दिन लोग अपने गले-शिकवे और आपसी कटुता भूलकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और पुनः दोस्त बन जाते हैं। रंगों से होली खेलने और नाचने-गाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद लोग नहा-धोकर थोड़ा विश्राम करने के पश्चात नए कपड़े पहनकर सांझ में एक-दूसरे के घर मिलने जाते हैं। लोग अपनी कटुता भुलाकर गले मिलते हैं और एक-दूसरे को होली पर पारंपरिक रूप से बनाई जाने वाली गुजिया और अन्य मिठाइयां खिलाते हैं। अगर ब्रज की बात की जाए तो ब्रज में होली पर्व की शुरुआत वसंत पंचमी के दिन से ही हो जाती है। वसंत पंचमी के दिन ब्रज के सभी मंदिरों और चौक-चौराहों पर होलिकादहन के स्थान पर होली का प्रतीक एक लकड़ी का टुकड़ा गाड़ दिया जाता है और लगातार 45 दिनों तक ब्रज के सभी प्राचीन मंदिरों में प्रतिदिन होली के प्राचीन गीत गए जाते हैं। ब्रज की महारानी राधाजी के गांव बरसाने में होली से 8 दिन पहले फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन लड्डूमार होली से इस प्राचीन पर्व की शुरुआत होती है। इसके बाद फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन से लठमार होली की शुरुआत होती है, जो कि होली का त्योहार खत्म होने तक लगातार चलती है।

पूरे विश्वभर में मशहूर बरसाना की लठमार होली में (हुरियारिनें) महिलाएं, पुरुषों (हुरियारों) के पीछे अपनी लाठी लेकर भागती हैं और लाठी से मारती हैं। हुरियारे खुद को ढाल से बचाते हैं। इस लठमार होली को दुनियाभर से लोग देखने को आते हैं। यह होली राधारानी के गांव बरसाने और श्रीकृष्णजी के गांव नंदगांव के लोगों के बीच में होती है। बरसाने और नंदगांव के बीच लठमार होली की परंपरा सदियों से चली आ रही है। होली पर्व पूरे देश में परंपरा, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्योहार है। होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली पर्व हमारे देश में उपस्थित बहुसांस्कृतिक समाज के जीवंत रंगों का प्रतीक है। होली पर्व देश में हमारी संस्कृति और सभ्यता के मूल सहिष्णुता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने वाला पर्व है। इस पर्व को सभी लोगों को शांति, सौहार्द और भाईचारे की भावना से मनाना चाहिए। देश के सभी नागरिकों को इस दिन सांप्रदायिक भावना से ऊपर उठकर अपने गले-शिकवे और कटुता का परित्याग कर बहुलवाद की भावना से अपने आपको रंगना चाहिए जिससे कि देश में शांति, सौहार्द, समृद्धि और खुशहाली कायम हो सके।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



## संक्षिप्त समाचार

### अगले पांच सालों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत, जी 20 के शेरपा ने किया दावा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत अगले पांच सालों में अर्थव्यवस्था के मामले में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। ये बातें जी 20 के शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने बताई हैं। दरअसल भातीय उद्योग संघ द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन कराया गया था। इस सम्मेलन में अमिताभ कांत ने कहा कि अगले पांच सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली तीन तिमाहियों में भारत बड़ी ताकत के रूप में उभरा है और 8.3 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ रहा है। अमिताभ कांत ने कहा है कि अगले दशक में भारत दुनिया के आर्थिक विस्तार में लगभग 20 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें दक्षिण भारत का विकास सबसे अहम योगदान निभाएगा। अमिताभ कांत ने इस बात पर जोर दिया कि स्मार्ट शहरीकरण, और कृषि के क्षेत्र में भारत को विनिर्माण के दम पर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि एमएसएमई और एसएमई को आगे बढ़ाने के लिए भारत में बड़ी संख्या में बड़ी कंपनियों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा भारत को अपने विकास के खर्च को 0.7 प्रतिशत से बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 2.5-3 प्रतिशत करना चाहिए। अमिताभ कांत ने कहा कि भारत में विकास की गति को तेज करने के लिए हम वस्तु और सेवा कर लेकर आए, जिससे हमें अच्छा फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया भी भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। इस अभियान को शुरु करते समय भारत के पास केवल 150 स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 1,25,000 हो चुकी है।

### सरकारी बैंकों का एनपीए छह माह में 3.5 फीसदी तक रहने की उम्मीद, फिक्की-आईबीए ने जारी की रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सरकारी बैंकों के बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। अगले छह माह में इनके और घटकर 3 से 3.5 फीसदी तक आने की उम्मीद है। फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 फीसदी बैंकों के भी एनपीए में गिरावट आई है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। जुलाई से दिसंबर, 2023 के बीच यह सर्वे किया गया था। इसमें निजी, सरकारी और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। इन सभी की बाजार हिस्सेदारी 77 फीसदी है। सभी सरकारी बैंकों के एनपीए में कमी आई है। किसी भी सरकारी और विदेशी बैंक के एनपीए में छह माह में वृद्धि नहीं हुई है। 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है।खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्र में ज्यादा एनपीए हैं। अगले छह महीनों में 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग कर्ज वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है। 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग कर्ज वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी।

# दानी हो तो ऐसा ! गिफ्ट में दे दिए 550 करोड़ रुपये के शेयर

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एमडी एंड सीईओ वी वैद्यनाथन एक बार फिर से चर्चा में हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जब देश में दानवीरों की बात आती है तो आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एमडी और सीईओ वी वैद्यनाथन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। इन्होंने फरवरी 2022 के दौरान अपने ट्रेनर, हाउसहेल्प और ड्राइवर समेत पांच व्यक्तियों को मकान खरीदने के लिए नौ लाख शेयर दान में दे दिया था। उस समय उन शेयरों की कीमत 3.95 करोड़ रुपये थी। अब उन्होंने करीब 550 करोड़ रुपये के शेयर दान में दे दिए हैं। आइए जानते हैं इस बारे में।

कल यानी 21 मार्च को की गई एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया गया है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एमडी और



सीईओ वी वैद्यनाथन एक बार फिर से सैकड़ों करोड़ रुपये के सात लाख शेयर दान किए हैं। इस बैंकर ने पांच लोगों को यह उपहार दिया है। इनमें वायु सेना का एक रिटायर्ड ऑफिसर और माता-पिता को खो चुका एक बच्चा भी शामिल है। जिस दिन शेयर दान में दिए गए उस दिन आईडीएफसी बैंक के एक शेयर की कीमत 77.90 रुपये थी। आज तो इसकी कीमत और चढ़ कर 78.34 रुपये तक पहुंच गई है। मतलब कि करीब 550 करोड़ रुपये के शेयर उपहार में दे दिए।

**रिटायर्ड विंग कमांडर को दिए ढाई लाख शेयर :** फाइलिंग से पता चलता है कि वैद्यनाथन ने मकान खरीदने के लिए समीर म्हात्रे को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के 50,000 शेयर दान कर दिए। मतलब कि उन्हें इस शेयर के जरिए 38.95 लाख रुपये दान में मिले। इसी के साथ उन्होंने अपने एक सहकर्मी के रिश्तेदार मयंक मृणाल घोष को 75,000 शेयर दान दिए। इस बैंक के कल की कीमत पर जोड़ा जाए तो मयंक को 58.42 लाख रुपये से भी ज्यादा की रकम दान में मिली है। इसी दिन उन्होंने वायु सेना के एक रिटायर्ड विंग कमांडर संपत कुमार को 2.5 लाख शेयर उपहार में दिए। कल जिन दो अन्य लोगों को शेयर दिए गए वे हैं - ए कनौजिया (मकान खरीदने के लिए 2.75 लाख शेयर) और मनोज सहाय जिनकी पहचान बैंकर के दोस्त के रूप में की गई है।

### पहले भी देते रहे हैं दान में शेयर

वैद्यनाथन ने लाखों शेयर का दान पहली बार नहीं किया है। इससे पहले भी वह अपने शेयर लोगों को दान में देते रहे हैं। इससे पहले फरवरी 2022 में, बैंकर ने अपने ट्रेनर, हाउसहेल्प और ड्राइवर सहित पांच व्यक्तियों को मकान खरीदने में मदद करने के लिए अपने पास मौजूद 9 लाख शेयर, जिनकी कीमत 3.95 करोड़ रुपये से अधिक थी, उपहार में दिए थे। साल 2020 में, उन्होंने कथित तौर पर अपने पूर्व गणित शिक्षक को शेयर उपहार में दिए थे, जिन्होंने एक प्रमुख स्कूल में दाखिला लेने पर उन्हें 500 रुपये की सहायता की थी। बताया जाता है जनवरी 2018 से वैद्यनाथन ने बैंक में अपनी हिस्सेदारी का लगभग 40 प्रतिशत भाग उपहार में दे दिया है।

# ऑनलाइन खूब बिक रहे राजनीतिक दलों के सामान, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर आम चुनाव की धूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कमल से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे। एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए।



### खूब बिक रहे ये सामान

उन्होंने कहा, जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं। विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है।उदाहरण के लिए, नमो मर्चेंडाइज वेबसाइट मोदी का परिवार, फिर एक बार, मोदी सरकार, मोदी की गारंटी, और मोदी है तो मुमकिन है जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है।

### सात चरणों में होने हैं चुनाव

इस प्रवृत्ति पर पीटीआई-भाषा द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। आपूर्तिकर्ता ने कहा, पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होने हैं। मतगणना चार जून को होगी।

# टाटा केमिकल्स और एयरटेल पर जुर्माना लगा

## टाटा केमिकल्स पर 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। रतन टाटा की टाटा केमिकल्स और एयरटेल पर तगड़ा जुर्माना लगा है। आयकर विभाग ने ब्याज की अस्वीकृति से संबंधित नियम के उल्लंघन के लिए टाटा केमिकल्स पर 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। टाटा केमिकल्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कहा कि उसे आयकर विभाग के नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर से एक आदेश मिला है, जिसमें धारा 36 (1) के तहत ब्याज की अस्वीकृति के लिए आयकर अधिनियम की धारा 270 ए (3) के तहत 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टाटा ग्रुप की कंपनी ने कहा कि मामले के गुण-दोष, प्रचलित कानून और वकील की सलाह के आधार पर वह इस आदेश के खिलाफ नेशनल फेसलेस अपील सेंटर (अपीलीय प्राधिकरण) के समक्ष अपील करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि उसे अपीलकर्ता अधिकारियों से अनुकूल ऑर्डर की उम्मीद है। इधर दूरसंचार विभाग ने दिल्ली और बिहार सर्कल में ग्राहक वेरिफिकेशन मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल पर करीब 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। भारतीय एयरटेल ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बिहार सर्कल में दूरसंचार विभाग द्वारा लगाए गए, 1.46 लाख रुपये के जुर्माने को लेकर विरोध जताया है। अभी टाटा केमिकल्स का शेयर कल यानी गुरुवार को 4 फीसदी से ज्यादा के उछाल के साथ 1036 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं एयरटेल 8 अंकों की गिरावट के साथ 1223 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कंपनियों पर लगे इस जुर्माने का असर शेयर पर देखने को मिल सकता है।

# रिलायंस पावर के शेयर में लगातार तेजी

## आज भी रिलायंस पावर के शेयर में अपर सर्किट लगा है

### पिछले तीन दिनों से इस शेयर में उछाल देखा जा रहा है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच अनिल अंबानी की एक कंपनी के शेयर में बंपर उछाल देखने को मिल रहा है। इस शेयर को खरीदने की लूट मची हुई है। पिछले दो दिनों से लगातार इसमें अपर सर्किट देखने को मिल रहा है। यह शेयर अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर का है। रिलायंस पावर लिमिटेड के शेयर आज भी अपर सर्किट पर चल रहे हैं। शेयर में आज करीब 5 फीसदी का उछाल आया है। शेयर अपर सर्किट के साथ 26.30 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 दिनों में शेयर में 13 फीसदी से ज्यादा का उछाल आ चुका है। शेयर में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। अनिल अंबानी की इस कंपनी के शेयर में यह तेजी अभी हाल ही में आई है। इससे पहले इस शेयर में गिरावट देखने को मिल रही थी। पिछले एक महीने में रिलायंस पावर का शेयर दो फीसदी से ज्यादा उछला है।

अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर में यह तेजी ऐसे ही नहीं आई है। इससे पहले गुरुवार को भी रिलायंस पावर के शेयर 5 फीसदी उछाल के साथ 25.02 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलायंस पावर ने आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और डीबीएस बैंक के कर्ज का पिछला सप्ताह पूरा सेटलमेंट कर दिया है। इसके बाद से रिलायंस पावर के शेयर में यह तेजी देखने को मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक,



रिलायंस पावर चालू वित्त वर्ष के आखिर तक कर्ज मुक्त कंपनी होना चाहती है। अभी कंपनी की बुक पर इकलौता कर्ज आईडीबीआई बैंक का वर्किंग कैपिटल लोन होगा।

### निवेशक हुए मालामाल

रिलायंस पावर के शेयर में पिछले 4 वर्षों में 2115 फीसदी की बंपर तेजी आई है। अनिल अंबानी की इस कंपनी के शेयर साल 2020 में 27 मार्च को 1.13 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। वहीं आज रिलायंस पावर के शेयर 26.30 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में देखें तो शेयर में पिछले एक साल में 155.34 फीसदी का उछाल आया है। पिछले 5 वर्षों में शेयर 146.95 फीसदी बढ़ चुका है। इस शेयर में निवेश करने वालों को शानदार मुनाफा हुआ है।

# एपल की बड़ी मुश्किलें: पहले मुकदमा दायर, अब शेयर बाजार में तगड़ा झटका; एक ही दिन में गंवाए 113 अरब डॉलर

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले एपल पर उपभोक्ताओं और छोटी कंपनियों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा और अब शेयर बाजार में बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार ने एपल पर एंटीट्रस्ट कानूनों का उल्लंघन करने का मुकदमा दायर किया है। अमेरिकी न्याय विभाग और 16 स्टेट अटॉर्नी जनरल ने गुरुवार को एपल के खिलाफ एक एंटीट्रस्ट मुकदमा शुरू किया है। वहीं, यूरोप में कंपनी को इस बारे में जांच का सामना करना पड़ रहा है कि क्या वह क्षेत्र के डिजिटल बाजार अधिनियम का अनुपालन कर रही है।

भारत में पिछले एक दशक में मोबाइल का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब डॉलर हो गया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ डॉलर था। हालांकि, अब गुरुवार को एपल कंपनी के शेयर 4.1 फीसदी फिसल गए। इससे एक ही दिन में कंपनी के बाजार मूल्य में करीब 113 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। यह पहली बार नहीं है जब एपल किसी जांच के घेरे में आया है। कंपनी और



उससे जुड़े लोग वर्षों से प्रतिस्पर्धियों को दबाकर खुद को लाभ पहुंचाने जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, जैसे-जैसे एपल के उत्पाद अधिक लोकप्रिय हुए हैं और दुनिया भर में दैनिक जीवन का एक हिस्सा बन गए हैं, तब से प्रशासन भी इसके प्रति सतर्क हो गया है।

### यह हैं आरोप

एपल ने एंटीट्रस्ट लॉ का उल्लंघन कई नीतियों को रिस्ट्रिक्ट और कंपटीशन को रोककर किया है, जो अन्य कंपनियों को डिजिटल वॉलेट जैसे अपने प्रोडक्ट को कंपटीट करने वाले एप्लिकेशन पेश करने से रोकती है। इससे संभावित रूप से आईफोन का मूल्य कम हो जाता। न्यू जर्सी डिस्ट्रिक्ट के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमे के अंश के अनुसार, एपल के कार्यों से उपभोक्ताओं और उसकी सेवाओं के साथ कंपटीशन करने वाली छोटी कंपनियों को नुकसान होता है। सरकार का दावा है कि एपल के इस आचरण ने पिछले कुछ वर्षों में उसके स्मार्टफोन एकाधिकार को मजबूत किया है, जिससे अनुचित लाभ हुआ है। मुकदमे के केंद्र में एपल का प्रमुख उत्पाद आईफोन है। आलोचकों का तर्क है कि एपल अपने डिवाइस पर यूजर्स एक्सपीरिएंश को सख्ती से कंट्रोल करता है। अपने ही प्रोडक्ट और सेवाओं को कंपटीटर्स से अधिक तरजीह देता है।

# एसबीआई ने सौंपा इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा

## चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया डेटा

### मेघा ग्रुप ने सबसे ज्यादा चुनावी चंदा दिया है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा पूरा डेटा निर्वाचन आयोग को सौंप दिया है। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी सारी जानकारी तय समय सीमा यानी 21 मार्च शाम पांच बजे से पहले उपलब्ध करा दी है। इसके बाद चुनाव आयोग ने इसे अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिया है। इसमें बॉन्ड का अल्फा न्यूमेरिक नंबर भी बताया गया है। इससे पता चला है कि किस कंपनी ने कौन से राजनीतिक दल को कितना चुनावी चंदा दिया है। नए डेटा से खुलासा हुआ है कि ऐसी कई कंपनियां हैं, जिन्होंने बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों को करोड़ों का चंदा दिया है। मेघा ग्रुप सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों में से एक है। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैदराबाद बेस्ड है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र प्रोजेक्ट से पहले इस कंपनी ने करोड़ों के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे। मेघा इंजीनियरिंग ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को सबसे ज्यादा चंदा दिया है।

बीजेपी और कांग्रेस दोनों को मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा और उसकी सब्सिडियरी वेस्टर्न यूपी पावर ने सबसे ज्यादा चंदा दिया है। कंपनी ने भाजपा को 664 करोड़ रुपये और कांग्रेस को 128 करोड़ का चंदा दिया है। इसी कंपनी ने केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भी 390 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। इसके बाद वेदांता ने कांग्रेस को दूसरा सबसे बड़ा चंदा 104 करोड़ का दिया है। वहीं फ्यूचर गेमिंग एंड होटल तृणमूल की सबसे बड़ी डोनर रही है। बॉन्ड से 623 करोड़ रुपये गोपनीय रूप से पार्टियों को मिले हैं। इनमें 466.31 करोड़ रुपये भाजपा और 70.77 करोड़ रुपये कांग्रेस को मिले हैं। ये रकम अप्रैल 2019 की है। इस दौरान कंपनियां गुप्त चंदा दे सकती थीं।

### इतने वर्षों का है डेटा

इलेक्टोरल बॉन्ड की लेटेस्ट लिस्ट में अप्रैल 2019 से फरवरी 2024 तक का डेटा है। इसमें मार्च 2018 से 1 अप्रैल 2019 तक का डेटा नहीं है। इस दौरान 4002 करोड़ रुपये के 9159 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे। इसकी जानकारी के लिए सुप्रीम कोर्ट में अलग याचिका लगाई गई है।

### चंदा देने वाली टॉप 5 कंपनियां

भाजपा को मेघा इंजीनियरिंग एंड वेस्टर्न यूपी ने 664 करोड़ रुपये, क्विक सप्लाई चेन ने 375 करोड़ रुपये, वेदांता ने 226.65 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल ने 183 करोड़ रुपये, मदनलाल लिमिटेड ने 175.50 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। वहीं कांग्रेस को मेघा इंजीनियरिंग एंड वेस्टर्न यूपी ने 128 करोड़ रुपये, वेदांता ने 104 करोड़ रुपये, एमकेजे 69.35 करोड़ रुपये, यशोदा हॉस्पिटल ने 64 करोड़ रुपये और अवीज ट्रेडिंग ने 53 करोड़ रुपयों का चंदा दिया है।

# लोगों के बीच गोल्ड लोन का चलन बढ़ा

## लोग गोल्ड लेकर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महीने का तीसरा सप्ताह चल रहा है। निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में से अधिकतर की सैलरी पहले ही खर्च हो गई है। यही हालत रामजीवन की भी है। वह नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। हर महीने की सात तारीख को सैलरी आती है। उनकी पूरी सैलरी खर्च हो चुकी है। अगले सोमवार को ही होली का त्योहार आ रहा है। साल भर का त्योहार है तो वह मनेगी ही। घर में पैसे नहीं हैं तो क्या हुआ, पुआ-पूड़ी बनाना है। गुजिया बनाना है। इसके लिए तो सामान तो आएगा ही। लेकिन सामान आए कैसे। त्योहार मनाने के लिए रामजीवन पत्नी के गहने गिरवी रख कर कुछ पैसे ले आए। अब त्योहार मनाने की टेंशन खत्म। पूरा परिवार खुश है।

यह कहानी सिर्फ रामजीवन की ही नहीं है। अधिकतर निम्न मध्यम वर्गीय लोगों की यही दास्तां है। इस समय लोगों का खर्च ही खर्च है। दो दिन बाद ही होली है। शादी-ब्याह का मौसम तो पहले ही शुरू हो ही गया है। ऐसे में जिनके पास पर्याप्त बचत नहीं है, वे शादी-ब्याह ही नहीं, त्योहार मनाने के लिए भी लोन ले रहे हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए लोन ले रहे हैं। लोन लेने के लिए सबसे आसान तरीका है सोने को गिरवी रख कर लोन लेना।सकर ग्रामीण और अर्ध



ग्रामीण इलाकों में इस तरह के रुझान में तेजी देखी जा रही है। छोटे कारोबारी और व्यक्तिगत तौर पर लोग सोने को गिरवी ज्यादा रख रहे हैं। रिजर्व बैंक की सोने पर एक रिपोर्ट पिछले दिनों ही आई है। इसमें बताया गया है कि इस समय 53 करोड़ तोला (यहां तोला का मतलब 10 ग्राम से है) या 53,00,000 किलो सोना गिरवी रख कर लोन लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय देश में गोल्ड लोन का मार्केट करीब 15 लाख करोड़ रुपये का है। यह बीते एक साल में 17 फीसदी बढ़ा है। अनुमान है कि साल 2029 तक यह सालाना 12.22 फीसदी की दर से बढ़ेगा। अभी गोल्ड लोन के क्षेत्र में काफी एनबीएफसी आ गई हैं। कई बैंक भी गोल्ड लोन देते हैं। तब भी देश में गोल्ड लोन मार्केट में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम ही है। रिपोर्ट के अनुसार अभी गोल्ड लोन के मार्केट में संगठित क्षेत्र 40 फीसदी बाजार पर कब्जा जमाए हुए है। मतलब कि करीब 15 लाख करोड़ रुपये के गोल्ड लोन के बाजार में उनकी हिस्सेदारी छह लाख करोड़ करोड़ की है। अभी भी साहूकारों और महाजनों का कब्जा 60 फीसदी या नौ लाख करोड़ रुपये के बाजार पर है।

### सोने का दाम रिकार्ड हाई पर

इस समय सोने का रेट रिकार्ड हाई पर है। कल ही दिल्ली में 10 ग्राम सोने का रेट 66,914 रुपये था। एक ही दिन में सोने का रेट 1225 रुपये चढ़ा है। देखा जाए तो बीते एक साल में सोने की कीमत 16.6 फीसदी बढ़ी है। सोने की कीमत बढ़ने से गोल्ड लोन का बाजार भी बढ़ा है। बीते एक साल में गोल्ड लोन में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

### 20 प्रतिशत बढ़ सकती है मांग

दिल्ली में कूचा महाजनी के सोने के व्यापारियों के मुताबिक, पिछले साल के शादी-ब्याह के सीजन की तुलना में गोल्ड लोन की दबी मांग कम-से-कम 20 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।

संक्षिप्त समाचार

## शिवम के फिनिशर बनने के पीछे एमएस धोनी का हाथ, मैच फिनिश करने के बाद खुद बताया



**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद कहा कि उन्होंने मैच को खत्म करने की कला पूर्व कप्तान एमएस धोनी से सीकी है और वह हर गेम में इसको लागू करने की कोशिश करते हैं। शिवम ने आईपीएल 2024 के पहले मैच में 28 गेंद में नाबाद 34 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने विनिंग शॉट भी लगाया। आईपीएल 2023 में सीएसके की खिताबी जीत के दौरान से शिवम दुबे का आत्मविश्वास बढ़ रहा है और पिछले कुछ मैचों में उन्होंने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करके दिखाया है। पिछले सीजन 16 मैच में उन्होंने 38 के औसत से 418 रन बनाए। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें आयरलैंड और अफगानिस्तानके खिलाफ टी20 सीरीज में चुना गया। शिवम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मैच को फिनिश करने की कला दिखाई। अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 63 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को 6 विकेट से जीत दिलाई। बाएं हाथ का बल्लेबाज एक बार फिर अंत तक क्रीज पर डटा रहा। उन्होंने गेम फिनिश को लेकर बात की है।

## पाकिस्तान क्रिकेट में पसरा मातम, शहरयार खान का हुआ निधन



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। पाकिस्तान क्रिकेट के एक दिग्गज ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। इस दिग्गज ने 89 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बता दें ये दिग्गज पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार थे और लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके फैंस के साथ ये खबर शेयर की है। भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती सालों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। बता दें वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे। इसके अलावा वह भारत और यूनाइटेड किंगडम में पाकिस्तान के उच्चायुक्त भी रहे। शहरयार पहली बार 2003 से 2006 के बीच पीसीबी के अध्यक्ष बने। इस बीच भारतीय टीम ने दो बार पाकिस्तान का दौरा किया था।

# विराट ने रचा इतिहास: दो टीमों के खिलाफ 1000+ रन बनाने वाले पहले भारतीय बने

**चैन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के पहले लीग मैच में सीएसके के खिलाफ विराट कोहली ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने इस मैच में 20 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 21 रन की पारी खेली और आउट हो गए। विराट कोहली ने इस छोटी पारी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल में 1000 रन बनाने का कमाल किया तो वहीं उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में भी अपने 12,000 रन पूरे कर लिए। सीएसके के खिलाफ 1000 रन पूरा करते ही विराट कोहली ने इस लीग में इतिहास रच दिया और पहले ऐसे भारतीय बल्लेबाज बने जिन्होंने आईपीएल में दो टीम के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया।

आईपीएल में विराट कोहली ने दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अब तक 1030 रन बनाए हैं तो वहीं सीएसके के खिलाफ उनके रनों की संख्या 1006 हो चुकी है। अब कोहली इस लीग में दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। वैसे आईपीएल में विराट कोहली से पहले डेविड वॉर्नर दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बना चुके हैं, लेकिन बतौर विदेशी बल्लेबाज उन्होंने यह कमाल किया है। वैसे ओवरऑल अगर बात करें तो वॉर्नर के बाद कोहली इस लीग में दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

डेविड वॉर्नर ने इस लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ 1105 रन बनाए हैं तो वहीं उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध अब तक 1075 रन बनाए हैं। इसके अलावा शिखर धवन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 1057 रन बनाए हैं तो वहीं रोहित शर्मा ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 1040 रन बनाए हैं। आईपीएल में कुल 4 बल्लेबाज अब तक ऐसे हैं जिन्होंने एक टीम के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है।

### आईपीएल में एक टीम के खिलाफ 1000प्लस रन बनाने वाले बल्लेबाज

1105 रन- डेविड वॉर्नर बनाम पीबीकेएस
1075 रन- डेविड वॉर्नर बनाम केकेआर
1057 रन -शिखर धवन बनाम सीएसके
1040 रन - रोहित शर्मा बनाम केकेआर
1030 रन -विराट कोहली बनाम डीसी
1006 रन - विराट कोहली बनाम सीएसके



## 14 महीने बाद क्रिकेट में वापस आने से खुश हूं : पंत



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जब वे शनिवार को मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़े।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए कप्तान ऋषभ पंत ने 14 महीने बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी को लेकर अपनी भावनाओं के बारे में विस्तार से बात की। पंत ने कहा कि कुछ नर्वस और उत्साहित हूँ , लेकिन साथ ही, पेशेवर क्रिकेट में वापस आने से खुश हूं। मैं कल अपना पहला गेम खेलने के लिए उत्सुक हूं। हर बार जब मैं मैदान पर उतरता हूं, तो यह पूरी तरह से एक अलग एहसास होता है। मैं बस जितना संभव हो उतना बल्लेबाजी करना चाहता था और हर दिन बेहतर होना चाहता था। मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचता, मैं एक समय में एक दिन लेता हूं और अपने100 प्रतिशत रन बनाता हूं। इस सीज़न के दृष्टिकोण के बारे में बोलते हुए, कप्तान ने कहा कि ज्यादातर बातचीत बहुत सरल हैं, हम बस वहां जाना चाहते हैं, मजा करना चाहते हैं, चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहते हैं और सभी खेलों में अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं।

सीज़न के लिए टीम की तैयारियों के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि कोई गलती न करें, हमें इस साल एक बेहतरीन टीम मिली है। हमारी तैयारी बिल्कुल सही रही है। हम बस आज इसे टॉप करने की कोशिश कर रहे हैं, और सुनिश्चित करें कि हम अच्छा प्रदर्शन करें।ऐसा प्रदर्शन जिसके बारे में मुझे पता है कि यह कल का मैच जीतने के लिए काफी अच्छा होगा। जब पोंटिंग से कप्तान के रूप में पंत की वापसी और सीज़न के लिए उनकी तैयारियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम एक आईपीएल शुरू करने वाले हैं, यह वास्तव में साल का एक रोमांचक समय है। यह तब और अधिक रोमांचक हो जाता है जब आपका कप्तान आपकी टीम में वापस आ जाता है। वह हमारे लीडर हैं, वह इस फ्रेंचाइजी के दिल की धड़कन हैं और उनके वापस आने से यह टीम काफी मजबूत हो



### आईपीएल 2024

## पंजाब ने 4 विकेट से जीता मैच

**मोहाली (एजेंसी)।** सैम करन (47 गेंदों पर 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (20 गेंदों पर 32 रन, 2 चौके और 2 छक्के) की पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर 4 विकेट से मैच जीत लिया है। मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरूआत अच्छी की लेकिन 8वें ओवर में डेविड वार्नर (29) के आउट होने के बाद पासा पलटा हुआ नजर आया। पंत ने लम्बे समय बाद क्रिकेट में वापसी करते हुए सधी हुई 18 रन की पारी खेली जबकि अभिषेक पोरेल की अंतिम ओवर में धमाकेदार पारी (10 गेंदों पर 32 रन) की बदौलत टीम 174 रन बनाने में कामयाब रही और पंजाब को 175 रन का लक्ष्य मिला। अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने 2-2 विकेट अपने नाम किए जबकि कगिसो रबाडा, हरप्रीत बराड और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट झटका।

**दिल्ली के ओपनर्स की बड़ी पारी न खेलना**–भले ही दिल्ली को डेविड वॉर्नर और मिशेल मार्श ने तेजतर्रार शुरूआत दी लेकिन दोनों 8 ओवर के अंदर ही आऊट हो गए। वार्नर आकर टिके रहते तो दिल्ली को 200 के पास ले जाते जोकि मुल्लांपुर के मैदान पर पंजाब के लिए मुश्किल लक्ष्य होता।

**दिल्ली का मध्यक्रम बिखरा**–अच्छी शुरूआत को दिल्ली का मध्यक्रम संभाल नहीं पाया। साल बाद लौटे पंत 13 गेंदों पर 18 रन बनाकर आऊट हो गए। वहीं, रिकी भुई 3, ट्रिस्टन स्टंब्स 5 रन बनाकर आऊट हो गए। अक्षर पटेल ने 21 रन बनाए लेकिन वह टीम को मजबूत स्कोर तक नहीं ले जा पाए।

**ईशांत का चोटिल होना**–पंजाब के कप्तान शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो ने टीम को तेज शुरूआत दी थी। लेकिन ईशांत ने आकर पार्टी खराब कर दी। उनके एक ही ओवर में पंजाब के दो विकेट गिर गए। ईशांत प्रभावी दिख रहे थे लेकिन तभी फील्डिंग के दौरान उन्हें चोट लगी गई। वह अपने कोटे के बाकी दो ओवर फेंक नहीं पाए। उनकी जगह मिशेल मार्श ने 4 ओवर में 52 तो खलील अहमद ने 4 ओवर में 43 रन लुटा दिए जोकि दिल्ली को महंगे पड़े।

## मुझे लगता है कि गायकवाड़ की कप्तानी प्रभावशाली थी: गावस्कर





**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी की शुरुआत की सराहना की, और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरुआती मैच में उनके शानदार गेंदबाजी बदलाव को श्रेय दिया। मुस्तफिजुर रहमान ने सीएसके के लिए अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपने स्पैल की पहली दस गेंदों में चार विकेट लेकर आरसीबी के शीर्ष बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। सीएसके ने आरसीबी को 20 ओवर में 173 रन पर रोकने के बाद छह विकेट से हरा दिया। गायकवाड़ का रणनीतिक कौशल चमक गया क्योंकि उन्होंने अपने गेंदबाजों का चतुराई से उपयोग किया, विशेष रूप से मुस्तफिज़ुर रहमान को सटीकता के साथ तैनात किया और मैच के महत्वपूर्ण चरण के दौरान तुषार देशपांडे पर विश्वास बनाए रखा।

गावस्कर ने गायकवाड़ के धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता की सराहना की और युवा कप्तान के मार्गदर्शन में अनुभवी एमएस धोनी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। गावस्कर ने क्रिकेट लाइव में कहा,बिल्कुल! एक कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू काफी अहम हो जाता है। आप जीत के साथ अपने कप्तानी करियर की अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं और वैसा ही हुआ। जो बात प्रभावशाली थी वह था उनका गेंदबाजी में बदलाव। जिस तरह से उन्होंने मुस्तफिजुर का इस्तेमाल किया वह बिल्कुल शानदार था। उन्होंने कहा, वह अंतिम ओवर के लिए तुषार देशपांडे पर भरोसा रखते हुए, दीपक चाहर की जगह लेते रहे। मुझे लगता है कि यह देखते हुए कि तुषार देशपांडे के ओवर में 25 रन पड़े, किसी अन्य गेंदबाज का उपयोग करने का अवसर था, लेकिन वह फिर भी तुषार देशपांडे पर अड़ा रहा, और देशपांडे ने शानदार अंतिम ओवर के साथ जवाब दिया। तो, हाँ, मुझे लगता है कि कप्तानी सबसे प्रभावशाली थी। और हम यहां देखते हैं, निश्चित रूप से, उनके मार्गदर्शन के लिए उनके आसपास एमएस धोनी हैं।

शॉर्ट गेंदों को नियोजित करने की आरसीबी की आक्रामक रणनीति के बावजूद, गावस्कर ने इसकी एक-आयामी प्रकृति पर ध्यान दिया, यह सुझाव देते हुए कि उनके दृष्टिकोण में भिन्नता की कमी महंगी साबित हुई।हर तरह से शॉर्ट बॉल आज़माएं, लेकिन जब यह काम नहीं कर रही थी... तो ऐसा लगा कि वे बस यही करना चाह रहे थे। आपके पास डागर जैसा कोई था, जिसने 6 छह रन देकर 2 ओवर फेंके थे। मैं जानता हूं कि बाएं हाथ के स्पिनर को 6 रन के लिए कैसे चुना जा सकता है, लेकिन आपको एक मौका लेना होगा। जो कुछ उन्होंने किया, जोसेफ, ग्रीन, सिराज, हर कोई संक्षेप में बताता है।

गावस्कर ने कहा,क्या हो रहा था कि यदि आपको बाउंसर सही से नहीं मिलती है, तो आप इसे वाइड दे देंगे, जिसका मतलब है कि आप एक अतिरिक्त रन दे रहे हैं, आप एक अतिरिक्त डिलीवरी करने जा रहे हैं। तो, आपका बाउंसर बहुत सटीक होना चाहिए, और ऐसा नहीं था। वह एक-आयामी रणनीति वास्तव में निराशाजनक थी। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने कहा कि सीएसके ने अपने घरेलू फायदे का फायदा उठाया, आरसीबी की बल्लेबाजी लाइनअप को प्रभावी ढंग से दबाव में रखा और पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा। मुस्तफिजुर रहमान के शानदार प्रदर्शन के साथ-साथ पूरी सीएसके टीम के योगदान ने येलो आर्मी के लिए व्यापक जीत सुनिश्चित की।

## पहले मैच में ही विवाद: विराट कोहली ने सरेआम दी रचिन रविंद्र को गाली



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का ओपनिंग मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बीते 22 मार्च को खेला गया। इस मैच में चेन्नई ने आसानी से आरसीबी को 6 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का बल्ला खामोश रहा। वह 19 गेंद में 21 रन ही बना पाए। आईपीएल में हर साल एक से बढ़कर एक विवाद देखने को मिलते हैं। खिलाड़ियों में गरमा गर्मी होती है, तकरार होती है। यह तकरार और गरमा गर्मी इस साल हमें पहले मैच में देखने को मिल गई। किंग कोहली ने सरेआम रचिन रविंद्र के लिए अपशब्द का इस्तेमाल किया।

**विराट कोहली ने लाइव मैच में दी रचिन रविंद्र को गाली**– न्यूजीलैंड के युवा और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने आरसीबी के खिलाफ चेन्नई के लिए खेलते हुए अपना डेब्यू किया। रविंद्र ने पहले मैच में ही अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 15 गेंद में ताबड़तोड़ 37 रन बनाए। हालांकि उन्हें अनुभवी भारतीय लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने अपने जाल में फंसा लिया और आउट कर दिया।

वहीं जब रचिन रविंद्र आउट हुए तो बाउंड्री पर खड़े विराट कोहली का एग्रेशन सामने आया। उन्होंने बाउंड्री से खड़े-खड़े रचिन रविंद्र को डगआउट में जाने का इशारा किया। वहीं जिस तरीके से उन्होंने बोला, ऐसा लग रहा था कि उन्होंने अपशब्द का भी इस्तेमाल किया। विराट की यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

# इतिहास में पहली बार ! बिना किसी खिलाड़ी के अर्धशतक जड़े बने इतने रन

**चैन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का आगाज गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की जीत के साथ हुआ। आरसीबी के खिलाफ हुए मुकाबले में मेजबान टीम को पहले गेंदबाजी करने का न्योता मिला था। बेंगलुरु को 173 रनों पर रोकने के बाद चेन्नई ने इस स्कोर का पीछा 8 गेंदें और 6 विकेट रहते किया। इसी के साथ सीएसके ने पॉइंट्स टेबल में भी अपना खाता खोला। सीएसके वर्सेस आरसीबी के इस मैच के दौरान एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलाकर कुल 349 रन बोर्ड पर लगाए, मगर कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा पाया। आईपीएल के इतिहास में बिना किसी अर्धशतक के यह एक मैच में बना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

जी हां, इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात लायंस और



राइजिंग पुणे सुपरजाएट्स के नाम था। 2017 में इन दोनों टीमों के बीच खेले गए एक मुकाबले में कोई भी बल्लेबाज 50 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया था और उस पूरे मैच में कुल 343 रन बने थे। 6 साल बाद अब सीएसके वर्सेस आरसीबी मुकाबले में यह रिकॉर्ड टूटा है। संयोग की बात यह है कि इन दोनों ही मुकाबलों का हिस्सा महेंद्र सिंह धोनी रहे हैं।

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 173 रन बोर्ड पर लगाए। कप्तान फाफ डुप्लेसी (35) ने विराट कोहली (21) के साथ मिलकर टीम को तूफानी शुरुआत दी थी। मगर डुप्लेसी के आउट होने के बाद आरसीबी को रजत पाटीदार और ग्लेन मैक्सवेल के रूप में दो बैक-टू-बैक और झटके लगे। दोनों खिलाड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद रन बनाने का जिम्मा युवा अनुज रावत और दिनेश कार्तिक ने उठाया। दोनों ने 6ठे विकेट के लिए 95वें रनों की साझेदारी कर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। रावत ने 48 तो कार्तिक ने 38 रनों की पारी खेली।174 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी सीएसके की टीम को भी अच्छी शुरुआत मिली। आईपीएल डेब्यू कर रहे रचिन रविंद्र ने 15 गेंदों पर 37 रन ठोके, वहीं कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 15 रन बनाए। इसके बाद अजिंक्य रहाणे ने 27 तो डेरिल मिचेल ने 22 रनों की छोटी मगर इंपैक्टफुल पारी खेली। अंत में दुबे और जडेजा की जोड़ी ने फिर धमाल मचाया। पांचवें विकेट के लिए 66 रनों की नाबाद साझेदारी कर दोनों ने सीएसके को जीत का स्वाद चखाया।



## वीर-जारा की रिहर्सल के दौरान

# मुझे जोंबी जैसा महसूस होने लगा था : प्रीति जिंटा

एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपनी 2004 की फिल्म वीर-जारा के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें रिहर्सल के दौरान जोंबी जैसा महसूस हो रहा था। एक्ट्रेस ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें प्रीति जिंटा और शाहरुख खान को डांस रिहर्सल करते देखा जा सकता है।

रिहर्सल के दौरान बैकग्राउंड में तेरे लिए गाना बजते हुए सुना जा सकता है। कैप्शन के लिए अभिनेत्री ने लिखा, हम एक अवार्ड शो के लिए रिहर्सल कर रहे थे। मुझे याद है कि मुझे दो दिनों तक नींद नहीं आई थी और मैं एक जोंबी की तरह महसूस कर रही थी।

मगर शाहरुख ने अपने सहज आकर्षण और चुटकुलों से दिन और रिहर्सल को शानदार बना दिया। इसके बाद प्रीति ने एक डांस स्टेप के बारे में बात की, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि यह 1998 की फिल्म दिल से... के गाने जिया जले से लिया गया था।

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित वीर जारा एक भारतीय पायलट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक पाकिस्तानी लड़की से प्यार हो जाता है। फिल्म में रानी मुखर्जी भी हैं।

## देशभक्ति से भरी

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा पड़ी कमजोर

सागर ऑम्ब्रे,पुष्कर ओझा निर्देशित और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा उम्मीद के मुताबिक नहीं कमाई कर पा रही है। वहीं अदा शर्मा की फिल्म बस्तर आखिरी सांसें गिनते हुए भी सिनेमाघरों में टिकी हुई है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा एक देशभक्ति फौजी की कहानी है, जो अपने देश के लिए जान भी दे सकता है लेकिन कहानी में कुछ ऐसा मोड़ आता है कि उसकी वर्दी पर धब्बा लग जाता है। देश के लिए हर वक्त जान देने को तैयार योद्धा का ये जवान अपनी नौकरी गंवा देता है लेकिन देश के लिए मर-मिटने का जुनून खत्म नहीं होता। फिल्म प्लेन हाइजैक की एक शानदार कहानी है जो हर पल ट्विस्ट से भरी है। सागर ऑम्ब्रे,पुष्कर ओझा निर्देशित फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी के किरदार मजेदार हैं।





# जब यंग एक्ट्रेस के सामने सलमान को दिखना था जवान

## मिथुन के बेटे को दे डाली थी सेट से बाहर फेंकने की धमकी!

सलमान खान केवल नाम के लिए ही बॉलीवुड दबंग नहीं हैं, उनका रुआब बताता है कि वह किसी से नहीं डरते। मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी ने सलमान खान को लेकर ऐसा ही एक किस्सा शेयर किया है, जिसमें सलमान ने उन्हें सेट से बाहर फिंकवाने की धमकी दी थी।

बता दें कि दबंग एक्टर मिथुन चक्रवर्ती के फैमिली फ्रेंड हैं, बावजूद इसके उन्होंने नमाशी को डरा दिया था। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में नमाशी ने कहा कि जो इज्जत और नाम उनके पिता ने कमाया है, उससे उन्हें और उनके भाई मिमोह को करियर में काफी मदद मिली है। नमाशी ने ये भी बताया कि अमिताभ बच्चन रोज मिथुन का हाल चाल लेते हैं। उन्होंने कहा, यहां तक कि सलमान भी हमेशा उनके और मिमोह दोनों के को सलाह देते रहे हैं। लहरें रेट्रो के साथ बात करते हुए मिमोह ने बताया कि सलमान की फिल्म 'सुलतान' के सेट पर थे और वहां अन्य स्टार किड भी थे। जिनका नाम मिमोह ने नहीं लिया।

मिमोह ने बताया कि सलमान ने दूसरे स्टार-किड से कहा कि उनकी तर मिमोह को स्ट्रगल करने की अनुमति भी नहीं दी जा रही है। मिमोह ने कहा कि सलमान हमेशा से एक बहुत ही समझदार व्यक्ति रहे हैं, जो फिल्म इंडस्ट्री के वर्किंग कल्चर को समझते हैं।

नमाशी ने सलमान के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, सलमान भाई राधे के लिए शूट कर रहे थे। मैंने तभी 'बैड बॉय' का शूट खत्म किया था और मैं उन्हें मेहबूब (स्टूडियो) मिलने चला गया।

मैं गया और उनके पैर छू लिए और मैं कैमरा पर कह सकता हूं, 'फक्ज. ऑफ'। उन्होंने मुझे गले लगाया और कहा, 'मैं तुम्हारे जितना ही हूं, मेरे साथ ये सब बकवास चीज मत करना। अगर तुमने दोबारा ऐसा किया, खासकर दिशा पाटनी यहां बैठी है, मैं तुम्हें सेट के बाहर फेंक दूंगा। तो रूल नंबर वन, कभी सलमान खान के पैर मत छूओ।

नमाशी ने कहा कि उनके पिता के सभी दोस्त हमेशा उनके और मिमोह के लिए खड़े रहे हैं। चाहे वो गोविंदा हों, सुनील शेट्टी, शाहरुख खान या जैकी श्रॉफ हों।



# दूसरा बच्चा नहीं कर पाने का रानी मुखर्जी को है दुख

रानी मुखर्जी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी वह कोई अपडेट नहीं देतीं। 21 मार्च को उनका जन्मदिन था। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बात की और काफी कुछ शेयर किया। रानी की बेटी अदिरा का चेहरा आम पब्लिक ने शायद ही देखा हो। उन्होंने बताया कि पहली बेटी होने के बाद ही वह दूसरे बच्चे के लिए ट्राई करने लगी थीं। मिसकैरिज होने के बाद से वह ट्रॉमा में हैं।

रानी मुखर्जी गुरुवार को 46 साल की हो गईं। उन्होंने बातचीत में कहा कि वह अंदर से जवान हैं और चाहती हैं कि लोग जब मिलें तो टीना के रूप में ही याद करें। रानी ने बताया कि मां बनने के बाद एक और इतनी बदल जाती है कि उसका पति तक हैरान होता है। उसमें मां दुर्गा का रूप आ जाता है, वह मां बन जाती है। रानी ने दोबारा मां न बन पाने का दर्द भी साझा किया। रानी बोलीं, मैंने 7 साल तक दूसरा बच्चा पैदा करने की कोशिश की। मेरी बेटी 8 साल की है। मैं कोशिश करती रही। फाइनली प्रेग्नेंट हुई और बच्चे को खो दिया। जाहिर सी बात है यह मुश्किल वक्त था। रानी ने कहा, अब वो उम्र नहीं अब मैं दूसरा बच्चा पैदा कर सकूं। मेरे लिए यह बेहद ट्रॉमैटिक है कि मैं अपनी बेटी को भाई या बहन नहीं दे पा रही। रानी ने कहा कि जो है उसका शुक्रगुजार होना चाहिए। बहुत से लोग हैं जिनके एक बच्चा भी नहीं है। वह बोलीं कि अदिरा उनके लिए चमत्कारी बच्ची है।



# इंडस्ट्री में अपनी मज़बूती बरकरार रखने के लिए एक्ट्रेस कृति ने कही ये बड़ी बात

भारतीय सिनेमा में, जहां लाइन-ऐज अक्सर सफलता तय करती दिखती है, कृति सैनन एक ताज़ा विसंगति के रूप में उभरी हैं। इंडस्ट्री के बाहरी व्यक्ति से एक सच्चे गेम चेंजर के रूप में उभरते हुए, उन्होंने सभी बाधाओं को हराते हुए अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लिए एक जगह बनाई है। उनकी हालिया रिलीज, मिमी में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना, उनकी शानदार यात्रा का प्रमाण है।

मिमी में, कृति सेनन ने एक सरोगेट मां के किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, और अपने सूक्ष्म प्रदर्शन के लिए प्रशंसा अर्जित की। ऐसे कठिन किरदार में कदम रखते हुए, उन्होंने अपनी उम्र से कहीं अधिक गहराई और परिपक्वता दिखाई, जिससे उन्हें भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च सम्मान मिला। लेकिन कृति का कौशल यहीं नहीं रुकता। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में, उन्होंने एक रोबोट की भूमिका निभाकर एक साहसी उद्यम शुरू किया। रोबोटिक तौर-तरीकों और बारीकियों में महारत हासिल करते हुए, उन्होंने एक बेजान किरदार में जान डाल दी और एक अभिनेत्री के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। भारतीय अभिनेत्रियों की टॉप श्रेणी में शामिल होने के बावजूद, कृति ज़मीन पर टिकी हुई हैं, यह स्वीकार करते हुए कि अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है।

हाल ही में एक इंटरव्यू में, उन्होंने निरंतर विकास के लिए अपने अभियान को स्पष्ट करते हुए कहा, फिलहाल, मैं सुरक्षित महसूस कर रही हूं लेकिन साथ ही, मैं खुद को अगले स्तर तक ले जाने के लिए बेचैन भी हूं। मैं

बस आगे बढ़ना चाहती हूं और विकसित होना चाह रही हूं। मुझे अच्छा लगेगा अगर पटपड़गंज में बैठी कोई लड़की यह सोचेगी अगर वह कर सकती है, तो मैं भी यह कर सकती हूं। एक कलाकार के रूप में अपने कौशल से परे, कृति सेनन लगातार अलग भूमिकाएँ निभाते हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, आगे बढ़ती रहती हैं। उनकी आगामी परियोजनाएं बहुमुखी प्रतिभा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

द क्रू में वह तब्बू और करीना कपूर खान जैसे दिग्गजों के साथ स्क्रीन साझा करेंगी, जो इंडस्ट्री में उनके बढ़ते कद का प्रमाण है। इसके बाद, वह दो पत्ती के साथ ग्रे शेड्स में नजर आएंगी, जहां वह दिग्गज काजोल के साथ नजर आएंगी।



# शाहरुख, दीपिका और आलिया के साथ काम करना चाहती हैं अवंतिका वंदनपु

मीन गर्ल्स में अपनी भूमिका के लिए मशहूर भारतीय-अमेरिकी एक्ट्रेस अवंतिका वंदनापू भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान की दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और वीर जारा जैसी फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं। हिंदी सीरीज बिग गर्ल्स डोंट क्राई में नजर आने वाली अवंतिका ने कहा, एक बाल कलाकार के रूप में अपनी जड़ों से निकलकर भारत लौटना और अब बिग गर्ल्स डोंट क्राई जैसी हिंदी सीरीज में काम करना सपने सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही यश चोपड़ा की चांदनी, वीर जारा, डीडीएलजे, डर जैसी फिल्में देख रही हूं और मुझे भारतीय सिनेमा से प्यार हो गया है। मेरे मन में बॉलीवुड में काम करने की इच्छा पैदा हुई। मुझे रंग, भावनाएं और खुशमिजाज भारतीय फिल्में पसंद हैं और मैं उनका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

अवंतिका का जन्म एक भारतीय, तेलुगु भाषी परिवार में हुआ था। उन्होंने कई हॉलीवुड परियोजनाओं में काम कर अपनी पहचान बनाई, जिनमें मीन गर्ल्स, स्पिन और सीनियर इयर्स शामिल हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम करना पसंद करेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं शाहरुख खान, दीपिका, आलिया और कई कलाकारों को देखकर बड़ी हुई हूं। मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगी।



# ऋतिक ने अनन्या को कहा कि आप स्टार हैं

पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं।

एक्स पर ऋतिकने लिखा कि कुछ दिन पहले खो गये हम कहां देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है। अनन्या की अगली फिल्म कॉल मी बे, कंट्रोल और द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर हैं।





# तमन्ना ने डेयरिंग पार्टनर्स में अपने किरदार के बारे में दी जानकारी

पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया अपने आगामी प्रोजेक्ट डेयरिंग पार्टनर्स को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जिसमें वह डायना पेंटी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर रही हैं। डेयरिंग पार्टनर्स दो बेस्ट फ्रेंड्स की कहानी है, जो एक अल्कोहल स्टार्ट-अप पार्टनर्स के रूप में एक डेरिंग जर्नी शुरू करते हैं। यह सीरीज़ मेल डोमिनटेड इंडस्ट्री के अंदर चुनौतीपूर्ण मानदंडों, नियमों को बदलने और अपने भाग्य को गढ़ने की उनकी यात्रा को उजागर करती है। एक्ट्रेस ने कहा डेरिंग पार्टनर्स बहुत खूबसूरती से लिखी गई है। यह कैरेक्टर प्ले करना बहुत ही डिलीशियस है।उन्होंने साझा किया और कहा कि यह शो सत्ता में दो मजबूत और सशक्त महिलाओं के बारे में है, जिन्हें देखना मजेदार होगा। अभिनेत्री, जिन्होंने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं, ने एनपोलोजेटिक महिलाओं और उनकी यात्रा को प्रदर्शित करने वाले कॉन्टेंट को सपोर्ट करने के लिए करण जौहर को भी धन्यवाद दिया। अर्चित कुमार और निशांत नाइक द्वारा निर्देशित डेयरिंग पार्टनर्स में जावेद जाफ़री भी हैं। फिल्म को नंदिनी गुप्ता, मिथुन गंगोपाध्याय और अर्श वोरा ने लिखा है।